वर्ष 24, अंक 268, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    मंगलवार 7 अप्रैल 2026    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'महिलाओं को मिलेगा आरक्षण'

## असम से पीएम मोदी ने किया बड़ा ऐलान



**असम**

**असम** के बारापेटा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि असम में शांति कई बलिदान के बाद आई है, ऐसे में शांति बनाए रखने के लिए कांग्रेस को दूर रखना होगा. पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जमीन पर आदिवासी समाज को धोखा देती थी. हमारी सरकार आदिवासी एरिया का विकास कर रही है. उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ईमानदारी से स्थायी शांति ला पाई है.

16 अप्रैल से सरकार ने संसद का सत्र बुलाया- पीएम मोदी

महिला आरक्षण को लेकर पीएम मोदी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नारी वंदन अधिनियम पारित किया है. 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिलना चाहिए. इसके लिए 16 अप्रैल से सरकार ने संसद का सत्र बुलाया है. कुछ लोग इसको लेकर भ्रम फैला रहे हैं. इस बिल से किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा. पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत में महिलाओं की महत्पूर्ण भूमिका होनी चाहिए. महत्वपूर्ण यह भी है कि प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि इस महिला आरक्षण संशोधन बिल से दक्षिण के राज्यों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि दक्षिण से आने वाली तमाम पार्टियों को इस बात की आशंका थी कि कहीं ऐसा ना हो कि वहां की लोकसभा सीटों में कमी हो जाए.

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार किसानों के हक का पैसा बिचौलियों को लुटा देती थी, लेकिन बीजेपी सरकार किसानों के हित में फैसला करती है. उन्होंने आगे कहा कि देश के सिर्फ एक दूसरे राज्य में कांग्रेस की सरकार बची है. कांग्रेस जनता के पास रिपोर्ट कार्ड लेकर नहीं जाती, जबकि बीजेपी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड बताती है. बीजेपी जो कहती है वो करके दिखाती है.

असम में बीजेपी और एनडीए सरकार की हैट्रिक- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल से असम में शांति है और असम की पहचान को अब दुनिया में बुलंद करना है. उन्होंने आगे कहा कि हमारा संकल्प देश को विकसित बनाना है.

हिन्दुस्तान को आत्मनिर्भर बनाना है. कांग्रेस के शाही परिवार के नामदार जो दिल्ली में बैठे हैं, उनकी हार का सेंचुरी असम के लोग लगवाएंगे. पीएम मोदी ने कहा कि असम में बीजेपी और एनडीए सरकार की हैट्रिक लगेगी।

### कांग्रेस ने वही गीत गाया जिसकी धुन पाकिस्तान ने तैयार की



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा, "कांग्रेस की जो तथाकथित शाही परिवार है, वो देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है, असली लैंड ATM तो वो है. इन लोगों पर दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में नेशनल हेराल्ड घोटाला करके हजारों करोड़ रुपये की जमीन हड़पने का आरोप है, इसको लेकर अदालत में केस चल रहे हैं. एक राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट है, जिस पर उद्योगों के लिए दी गई जमीन कब्जाने के आरोप लगे हैं. एक जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फंड है, उसपर भी दिल्ली में प्रमुख स्थान पर जमीन कब्जाने को लेकर केस हुए हैं. ये इस शाही परिवार के कुकर्म हैं।

## ममता बनर्जी या बीजेपी, पश्चिम बंगाल में इस बार किसकी सरकार?

### ओपिनियन पोल में सांस अकटाने वाले नतीजे



**बंगाल**

**इस** साल देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसमें पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव पूरे देश की नजर है. इसे लेकर MATRIZE ने ओपिनियन पोल किया है. ये ओपिनियन पोल राजनीतिक दलों की सांसें अटकाने वाली है. सर्वे की मानें तो ळटउ को 43 फीसदी, बीजेपी को 42 फीसदी और अन्य को 16 फीसदी वोट मिलने की संभावना है.

सर्वे की मानें तो बंगाल की 294 सीटों पर कड़ा मुकाबला होने की संभावना है. MATRIZE ओपिनियन पोल के अनुसार TMC 140-160 सीटें, बीजेपी को 130-150 सीटें ओर अन्य को 8-16 सीटें मिलने की संभावना है. बंगाल में बहुमत का आंकड़ा 148 है. बंगाल का राजनीति परिदृश्य इस बार बदला हुआ है.

TMC से अलग होकर हुमायूं कबीर ने अपनी अलग पार्टी बनाई है, जिसका नाम आम जनता उन्नयन पार्टी है. उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM से गठबंधन किया है. कई मुस्लिम सीटों पर ये गठबंधन ममता बनर्जी की TMC को टक्कर देगी, जिससे बीजेपी को फायदा पहुंच सकता है।

यही कारण है कि अधिकतर सीटों पर बीजेपी और TMC के उम्मीदवारों के बीच कड़े मुकाबले हो सकते हैं.

पूरा चुनावी शेड्यूल

पहले चरण के लिए अधिसूचना 30 मार्च 2026 को जारी होगी, जबकि दूसरे चरण के लिए 2 अप्रैल 2026 को अधिसूचना जारी की जाएगी. पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 6 अप्रैल है और दूसरे चरण के लिए 9 अप्रैल तय की गई है. नामांकन पत्रों की जांच 7 अप्रैल और 10 अप्रैल को होगी. उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तारीख 9 अप्रैल और 13 अप्रैल है. चुनाव प्रक्रिया 6 मई 2026 तक पूरी कर ली जाएगी.

मतदाताओं का आंकड़ा

चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कुल 6.44 करोड़ मतदाता हैं. इनमें 3.28 करोड़ पुरुष और 3.16 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं, जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1152 है. 18 से 19 साल के फर्स्ट टाइम वोटरों की संख्या 5.23 लाख है. 20 से 29 साल के मतदाताओं की संख्या 1.31 करोड़ है. 85 साल से अधिक उम्र के 3.79 लाख मतदाता हैं और 4.16 लाख दिव्यांग मतदाता भी इस चुनाव में हिस्सा लेंगे. ईवीएम को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है.

2021 चुनाव का रिकॉर्ड

साल 2021 में पश्चिम बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे. राज्य की 294 सीटों और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लंबा चुनाव कराया गया था. पिछले चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व में TMCने शानदार जीत दर्ज की थी।

## बैरिकेड तोड़कर दिल्ली विधानसभा में अंदर घुस गई कार




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है, जब एक अज्ञात कार गेट तोड़कर अंदर घुस गई. घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन ने गेट नंबर 2 पर लगी लोहे की बैरिकेड तोड़कर विधानसभा परिसर में प्रवेश किया। इसके बाद चालक अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर बढ़ा और बरामदे के पास फूलों का गुलदस्ता रख दिया। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात वाहन बाद में विधानसभा परिसर से भागने में सफल रहा, जिससे मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इस घटना को गंभीर सुरक्षा चूक माना जा रहा है और चालक की पहचान करने और इस कृत्य के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सबूतों के आधार पर वाहन का पता लगाने और चालक की पहचान करने के लिए गहन जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, अधिकारी प्रवेश बिंदुओं की भी समीक्षा कर रहे हैं और घटना के दौरान मौजूद विधानसभा कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं। इस घटना ने सभा सुरक्षा में खामियों को उजागर किया है, जिसके चलते कड़ी निगरानी और गहन जांच की मांग उठ रही है। अधिकारियों से उम्मीद की जा रही है कि वे प्रवेश द्वारों को और सख्त करेंगे और आपातकालीन प्रोटोकॉल की समीक्षा करेंगे।

## दिल्ली में गैस कालाबाजारी पर बड़ा एक्शन

### गोदाम से बिक्री बंद, गरीबों के लिए 5KG सिलेंडर व्यवस्था लागू



**नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने गैस की कालाबाजारी पर लगाम लगाने और गरीब मजदूरों को राहत देने के लिए नया आदेश जारी किया है. इस आदेश के तहत अब गैस गोदामों से सीधे सिलेंडर बेचने पर रोक लगा दी गई है. सरकार का कहना है कि इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और जरूरतमंद लोगों तक सही कीमत पर गैस पहुंचेगी.

इस आदेश की जमीनी हकीकत जानने के लिए एबीपी न्यूज की टीम राजघाट स्थित इंडियन आयल कॉर्पोरेशन के गैस गोदाम पहुंची. यहां देखा गया कि सरकार के निर्देशों का पालन किया जा रहा है. गोदाम के अंदर सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद था और व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से चल रही थी.

गोदाम से बिक्री बंद, होम डिलीवरी पर जोर

गैस गोदाम के मैनेजर योगेश सिंह ने बताया कि अब गोदाम से सीधे सिलेंडर की बिक्री पूरी तरह बंद कर दी गई है. उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश के मुताबिक अब सिर्फ होम डिलीवरी के जरिए ही सिलेंडर दिया जा रहा है.

इससे कालाबाजारी पर रोक लगेगी. हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 5 किलो के घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध हैं. जो ग्राहक बुकिंग करा रहे हैं, उन्हें समय पर डिलीवरी दी जा रही है।

## विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर अकेले लड़ने का ऐलान- चिराग पासवान



**यूपी**

**एनडीए** गठबंधन में शामिल चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) ने यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बड़ा ऐलान किया. पार्टी यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी. पूर्वी यूपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी का गठबंधन बीजेपी से है लेकिन प्रदेश में कोई गठबंधन नहीं है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) यूपी फर्स्ट और यूपी वाले फर्स्ट के मिशन को लेकर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है.

राहुल गांधी-अखिलेश यादव पर साधा निशाना

पार्टी नेता ने कहा कि 2027 में सत्ता की चाभी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के हाथों में रहेगी. राजीव पासवान ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी साधा निशाना. उन्होंने कहा कि पीडीए के नाम पर अखिलेश यादव वंचित समाज को गुमराह करने का काम कर रहे हैं. अब अखिलेश यादव को कांशीराम की जयंती याद आ रही है, उन्हें बाबा साहब भीमराव आंबेडकर याद आ रहे हैं।

### दिल्ली में गर्मियों की तैयारी!

## बिजली-पानी समेत व्यवस्थाओं पर सीएम रेखा ने की एलजी संग चर्चा



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल तरुणजीत सिंह संधू से मुलाकात कर आगामी गर्मियों को लेकर सरकार की तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने जल आपूर्ति, बिजली प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि गर्मी के मौसम में राजधानी के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल को जानकारी दी कि सरकार ने गर्मियों के मद्देनजर सभी विभागों को पहले से ही अलर्ट मोड पर रखा है. जल संकट से निपटने के लिए पानी की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने, टैंकर सेवाओं को मजबूत करने और लीकेज जैसी समस्याओं को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए गए हैं. वहीं, बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए पावर बैकअप और निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं.

माननीय उपराज्यपाल श्री तरनजीत सिंह संधू जी से भेंट कर आगामी गर्मियों के लिए दिल्ली सरकार की तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा की।

इस दौरान जल आपूर्ति, बिजली प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी सरकार पूरी तरह सतर्क है. अस्पतालों में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था करने, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा, आपदा प्रबंधन की तैयारियों को भी सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी संबंधित विभाग मिलकर समन्वय के साथ काम कर रहे हैं, ताकि गर्मियों के दौरान दिल्लीवासियों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

## झांसी में दर्दनाक हादसा, रील बनाते समय नाव पलटने से 4 छात्र डूबे, 2 की मौत

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के झांसी में रक्सा थाना क्षेत्र स्थित डोंगरी बांध पर पिकनिक मनाने पहुंचे चार छात्रों के साथ बड़ा हादसा हो गया. रील बनाने के दौरान नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव पलटने से चारों छात्र पानी में डूब गए. मौके पर मौजूद एक चरवाहे ने बहादुरी दिखाते हुए दो छात्रों को बचा लिया, जबकि दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई.

हादसे से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक छात्र यह कहते हुए सुनाई दे रहा है ह्यमुझे तो तैरना आता है भाई, मैं तो बच जाऊंगा,ह्ल दुर्भाग्यवश उसी छात्र की भी डूबने से मौत हो गई. जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया है.

पिकनिक के बहाने से पहुंचे थे

एक निजी स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ने वाले चार छात्र वेदांश यादव, शौर्य, आतिक और श्रवण तिवारी पिकनिक मनाने के लिए डोंगरी बांध पहुंचे थे. वहां कोई नाविक मौजूद नहीं था, ऐसे में चारों छात्र किनारे पर रखी एक छोटी नाव में सवार होकर बांध के बीच पानी में चले गए और मोबाइल से रील बनाने लगे.

खींचतान में बिगड़ा संतुलन

नाव में वीडियो बनाने के दौरान चश्मे को लेकर आपसी मजाक में खींचतान शुरू हो गई, जिससे नाव का संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते नाव पलट गई. चारों छात्र गहरे पानी में डूबने लगे।

## 'राष्ट्र प्रथम की भावना से ही बीजेपी बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी'

### भाजपा स्थापना दिवस पर बोले सीएम योगी



**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसंघ काल से ही भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सिर्फ समाज और देश के लिए जीता है. उसका जीवन राष्ट्र प्रथम के भाव और इसकी ही संकल्प सिद्धि के लिए समर्पित रहता है. अपने संस्थापकों के सिद्धांतों, मूल्यों व आदर्शों पर आगे बढ़कर तथा कार्यकताओं के समर्पण भाव से ही आज भाजपा देश ही नहीं, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी के रूप में प्रतिष्ठित हुई है.

सीएम योगी सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे. कार्यकताओं को उत्साहित और प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनंतकाल तक भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए हर राष्ट्रभक्त को भाजपा से जुड़ना चाहिए. हमारा जीवन व्यष्टि नहीं, समष्टि के लिए और व्यक्ति की बजाय राष्ट्र के लिए समर्पित हो, यही प्रेरणा पार्टी के संस्थापकों ने दी है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1951 में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ/भाजपा की इस राजनीतिक परंपरा के पहले अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक यात्रा को आगे बढ़ाया. उस समय उन्होंने देश की अखंडता को सबके सामने रखा. सीएम ने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने विश्वासघात करना प्रारंभ किया था.

ये विश्वासघात हर स्तर पर था. देश के अंदर ही परमिट सिस्टम लागू किया गया, जम्मू कश्मीर को अलग स्टेटस दे दिया गया. शेष भारत के लोग परमिट लेकर के वहां जाएंगे. पूर्वोत्तर के राज्यों में भी कुछ जगहों पर ये व्यवस्था लागू की गई. तब पहली बार कांग्रेस की इस पृथकतावादी सोच के खिलाफ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आवाज बुलंद की थी. उन्होंने नारा दिया था कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे.

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने आप को इसके लिए बलिदान कर दिया. मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भी स्मरण किया. कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के एक ऐसे विचारक थे, जिन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के लिए अंत्योदय की नई दृष्टि भारतीय राजनीति को दी.

भारत की राजनीति में स्थिरता लाने का कार्य किया वाजपेयी जी ने

सीएम योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ. तब परिस्थितियां विपरीत थीं लेकिन उन विपरीत स्थितियों में भी एक संकल्प था कि हम भारत की आत्मा के साथ प्रहार करने की छूट किसी को नहीं देंगे. उन्होंने कहा कि दुनिया के अंदर ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिलता है ।

# शंकरगढ़ में नामित सभासदों ने ली शपथ जनता की सेवा का लिया संकल्प

### महापौर बोले- जनता का विश्वास जीतना ही असली जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** केसरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नामित तीन सभासद दीपक केसरवानी, नंदिनी विश्वकर्मा और अमित सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने दिलाई। शपथ ग्रहण के साथ ही तीनों सभासदों ने नगर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

विधायक बारा डॉ. वाचस्पति ने तीनों नामित सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी सभासद नगर पंचायत के विकास कार्यों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि जनता का विश्वास जीतना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पद तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता के बीच सेवा और विश्वास ही व्यक्ति की पहचान बनाता है। उन्होंने सभासदों से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील की। नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्य और ईओ अमित कुमार ने भी तीनों सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर के विकास में सभी का सहयोग जरूरी है और टीम भावना से कार्य करने पर ही शंकरगढ़ का समुचित विकास संभव है।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी, विधायक बारा डॉ. वाचस्पति, विधायक राजमणि कोल, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्य, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार, सविता मिश्रा, डॉ. विनोद त्रिपाठी, सुबोध सिंह, सुधाकर पांडेय, राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, अश्विनी पटेल, कुशल जैन, सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, अनूप केसरवानी, रोहित केसरवानी, रतन केसरवानी, अरविंद केसरवानी, राजेश केसरवानी, रामजतन बंसल समेत तमाम नागरिक उपस्थित रहे।

## कंपोजिट विद्यालय सुजौना द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन




अखंड भारत संदेश

**जसरा।** कंपोजिट विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज के बच्चों और शिक्षकों द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा रैली का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे और शिक्षक स्कूल चलो अभियान से संबंधित बैनर और प्रेरक नारों से लिखी तख्तियां लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी के नेतृत्व में अभिभावकों से जनसंपर्क किया गया। परिषदीय विद्यालयों में शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित किया गया।उन्होंने कंपोजिट विद्यालय सुजौना में उपलब्ध कंप्यूटर शिक्षा और लर्निंग बाय डूइंग लैब के विषय में भी अभिभावकों को जानकारी प्रदान किया।इस रैली में विद्यालय के भारतेन्द्र त्रिपाठी, सुनील कुमार शुक्ल,इरफान अहमद, नाज़िया सुल्ताना,शरद कुमार आशीष कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, पूनम तिवारी आदि लोग शामिल हुए।

## ओला वृष्टि से नष्ट फसल के मुआवजे को लेकर सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



### समस्या का निराकरण ना होने पर होगा आंदोलन : सोमदत्त सिंह

**कोरांव।** क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि से किसानों के फसल नुकसान होने विद्युत विभाग के लापरवाही से शॉर्ट सर्किट होने पर आग लगने के कारण फसल जलकर राख होने और क्षेत्रीय जनों को एलपीजी गैस किल्लत के निजात दिलाने समेत विभिन्न मुद्दों पर जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार कोरांव विनय बरनवाल को सपाइयों ने विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सपा नेता ने कहा क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है लेकिन तहसील प्रशासन किसानों को राहत पहुंचाने के नाम पर महज खाना पूर्ति कर रहा है किसान अपनी नुकसान की भरपाई के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहा है जिसके कारण किसानों में रोष उत्पन्न हो रहा है साथ ही साथ शादी बारात का मौसम चल रहा है और गैस की कालाबाजारी से एलपीजी गैस की किल्लत कारण शादी समारोह को सफल बनाना एक चुनौती के रूप में सामने आ रहा आपूर्ति विभाग द्वारा कालाबाजारी में संलिप्त लोगों पर कोई कार्यवाही न होने उनके हौसले बुलंद है जरूरतमंदों का शोषण किया जा रहा है यदि शासन प्रशासन इस गंभीर समस्या का निस्तारण नहीं करता है तो जनहित को देखते समाजवादी पार्टी विशाल आंदोलन करने बाध्य होगी जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी।

इस मौके पर प्रमुख रूप से रामानुज यादव मेहताब खान नगर अध्यक्ष शहादत अली पवन सोनकर अश्वनी पटेल अभिषेक तिवारी रोहणी प्रसाद पाल ऐडवोकेट महाकाल नौशाद अंसारी दीपक पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## मांडा में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न : सौर ऊर्जा अपनाने पर जोर, विकास योजनाओं की समीक्षा





**मांडा।** विकास खण्ड मांडा के ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और सौर ऊर्जा अपनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के साथ-साथ बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्कूल चलो अभियान और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि, पशुपालन, ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और पंचायती राज विभाग की योजनाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। पेंशन योजनाओं और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। वर्ष 2020-27 की योजनाओं के अंतर्गत नई कार्ययोजना के अनुमोदन पर भी विचार किया गया।

खंड विकास अधिकारी अनीश अहमद ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर दो देशों के बीच चल रहे युद्ध के कारण गैस की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। उन्होंने इस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेष रूप से, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर दिया, इसे समय की मांग बताया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक सिंह ने भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। बैठक का संचालन बृजेन्द्र शुक्ला ने किया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं और स्थानीय समस्याओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में सीडीपीओ मांडा रमेश कुमार, मुख्य लेखाकार मांडा अबरार अहमद, जेई एमआई जग नारायण मौर्य, सीएचसी मांडा अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह, एडीओ पंचायत मांडा अरुण कुमार यादव, एडीओ एजी अभिषेक मिश्र और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह मौजूद रहे। इनके अतिरिक्त, धनवंत सिंह, प्रिंस सिंह, सुजीत केशरी, महेश मिश्रा, शनि पटेल, मनोज जायसवाल, शान्ति पाण्डेय, राज कुमार, रविन्द्र शुक्ला, अखिलेश कन्नौजिया, भारत सोनकर, अंजोरिया देवी, समर बहादुर, संजय यादव, सत्य नारायण पटेल, मिथिलेश कुमार पाण्डेय, लछिमन मौर्य, अखिलेश सिंह, राजेश्वर यादव, रेखा देवी, सहाना बेगम, प्रभावती देवी, प्रेम कुमार, राज मणि द्विवेदी, गणेश चन्द्र मौर्य, भारत सोनकर, बहादुर आदिवासी, रामेश्वर सिंह, राम सखा सिंह पटेल, धनंजय सिंह, राजेन्द्र सिंह, भारत सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अंत में, ब्लॉक प्रमुख मांडा प्रगति सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ससुराल में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, मायके पक्ष ने लगाया मारपीट का आरोप

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के भुंडा चौकी अंतर्गत धरवारा गांव के डाभी मजरे में सोमवार को एक विवाहिता ने ससुराल में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान अंतिमा पत्नी संदीप कुमार के रूप में हुई है, जिसका मायका घूरपुर बाजार में बताया जा रहा है। मायके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले फोन पर अपने साथ मारपीट की जानकारी दी थी। परिजनों के अनुसार, अंतिमा ने पिछले वर्ष जून माह में संदीप कुमार से प्रेम विवाह किया था और उसका एक माह का बेटा भी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में महिला को मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद में लेकर चार महिलाओं ने मिलकर एक महिला को पीट दिए। पीड़ित महिला ने चार महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर निवासनीय फूलकली पत्नी छेदीलाल का आरोप है कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर विपक्षी महिलाएं निर्माण कार्य करा रही थी। विरोध पर मारे पीटे गालियां दी जान से मारने की धमकी दी।फूलकली ने मऊआइमा थाना में अनीता देवी,शुनैना देवी, रंजना देवी,रेखा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## भारतगंज नगर पंचायत बोर्ड पूर्ण हुआ : तीन नामित सदस्यों को मेजा एसडीएम ने दिलाई शपथ

**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज में सोमवार को तीन नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। यह शपथ मेजा के एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में दिलाई।

शपथ ग्रहण करने वाले सदस्यों में अखिलेश केशरी, सुभाष कनौजिया और प्रदीप सोनी शामिल हैं। ये तीनों सदस्य भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। इनके शपथ ग्रहण के साथ ही नगर पंचायत भारतगंज का बोर्ड अब पूर्ण रूप से गठित हो गया है। नगर पंचायत में पहले से 13 निर्वाचित सभासदो में शुभम केसरी उर्मौफ डंकी, बाबा सोनकर, आदि मौजूद थे। इन तीन नामित सदस्यों के शामिल होने से अब कुल सदस्यों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इस अवसर पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लीलावती गुप्ता,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर टंकी, इन्द्र देव शुक्ला उर्फ राजू भैया, मांडवी शरण द्विवेदी, अखिलेश, सुजीत केशरी, राम बली मौर्य, तौफिक राईना सभासदगण के अलावा नगर पंचायत के शमशाद अहमद, विनोद सोनकर आदि कर्मचारी और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## मऊआइमा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र की पावन धरा पर आज श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सुल्तानपुर खास स्थित छपाई बाग से प्रारंभ होकर मऊआइमा चौराहा होते हुए ब्लॉक बाजार तक निकाली गई तथा पुनः अपने निर्धारित गंतव्य स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए अयोध्या से पधारे विख्यात कथावाचक आचार्य शैलेन्द्र शुक्ल जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान अशोक मिश्रा एवं समस्त मिश्र परिवार ने श्रद्धापूर्वक आयोजन की व्यवस्था संभाली। उनके साथ क्षेत्र के समाजसेवी विवेक मिश्रा,

भाजपा सभासद मनीष साहू , शशांक पाण्डेय, विपुल पांडेय, अरविंद सोनी, आकाश केशरवानी, प्रदीप केशरवानी शिव बाबू साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी भी सम्मिलित हुए।

पूरा मार्ग श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन एवं जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन समिति के अनुसार 07 अप्रैल से कल से कथा प्रारंभ हो रही है जिसमें श्रीमद्भागवत कथा का नियमित आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति की संभावना है।

## हॉट मिक्स प्लांट में ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत, परिजनों ने किया हंगामा



मृतक चालक विकास बिंद

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव स्थित हॉट मिक्स प्लांट में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। मिक्स मटेरियल लदे ट्रैक्टर का गुल्ला (जोड़) अचानक टूट जाने से ट्रैक्टर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद प्लांट में अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फूलपुर के पतुलकी गांव निवासी छैबर लाल का 20 वर्षीय पुत्र विकास बिंद रुदापुर स्थित हॉट मिक्स प्लांट में ट्रैक्टर चलाता था। बताया गया कि वह पतुलकी गांव निवासी सुनील सिंह के ट्रैक्टर से मिक्स मटेरियल ढोने का काम करता था। सोमवार दोपहर बाद जैसे ही विकास मटेरियल लादकर ट्रैक्टर आगे बढ़ाने लगा, तभी ट्रैक्टर और ट्रॉली के बीच लगा गुल्ला अचानक टूट गया। इससे ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया और ट्रॉली पर जा चढ़ा। हादसे में चालक विकास ट्रैक्टर और ट्रॉली के बीच दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद प्लांट में मौजूद मजदूरों और ऑपरेटरों ने मशीन की मदद से ट्रैक्टर को सीधा किया और चालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर की खराब हालत को लेकर आक्रोश जताते हुए हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर का गुल्ला पहले भी कई बार जोड़ा गया था और अधिक भार के कारण वह टूट गया, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना पर थरवई थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडे मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। वहीं, परिजन विभिन्न मांगों को लेकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। परिजनों के लिखित तहरीर पर पुलिस ने घटना की एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सिविल लाइंस में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर कई राउंड पलटी





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में सोमवार को एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद कई राउंड पलटनी खाते हुए डिवाइडर के दूसरे लेन पर पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह हादसा स्टंट के दौरान हुआ है। घटना के समय कार की स्पीड 100 के ऊपर थी। बताया जाता है कि कार में सिर्फ चालक था। जिसे लोगों ने बाहर निकालकर बैठाया था। कुछ देर बाद वह कहीं चला गया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी पहुंच गई। हादसे के चलते सड़क पर कुछ देर तक आवागमन भी बाधित रहा। घटना मैक्स मॉल के सामने हुआ। कार की टक्कर से स्ट्रीट लाइट भी टूट गई। कार के परखचे उड़ गए। लेकिन कोई हताश नहीं हुआ घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर गिरे खंभे व मलबे को हटाकर यातायात सुचारू किया। वहीं, पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस फरार युवक की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में रोवर-रेंजर शिविर का आयोजन

## प्रशिक्षण के साथ प्रमाण पत्र, नौकरी में मिलेगी वरीयता

**प्रयागराज।** प्रादेशिक मुख्यालय, उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के मार्गदर्शन में जिला संस्था प्रयागराज द्वारा युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), जमुनीपुर परिसर में दिनांक 07 अप्रैल 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक रोवर - रेंजर के लिए पाँच दिवसीय प्रवेश कोर्स एवं निपुण कोर्स शिविर का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह शिविर न केवल अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के मूल्यों को आत्मसात करने का सशक्त माध्यम बनेगा, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। विशेष बात यह है कि इस प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रतिभागियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवा इसमें सहभागिता कर सकें। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग का गौरवशाली इतिहास, विश्व स्तर पर इसके विस्तार की प्रेरक यात्रा, रोवर-रेंजर के सिद्धांत, प्रतिज्ञा एवं नियमों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। साथ ही आपदा प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो उनके जीवन को नई दिशा प्रदान करेगा। शिविर के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी रोवर-रेंजर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जो उनके कौशल एवं प्रशिक्षण का प्रमाण होगा। यह प्रमाण पत्र भविष्य में विभिन्न विभागों की सरकारी नौकरियों में आरक्षण एवं वरीयता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा, जिससे प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के द्वार खुलेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी एवं समन्वयक रोवर-रेंजर डॉ. विष्णु प्रसाद शुक्ल द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने व्यक्तित्व को निखारें और राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर हों।

# मेजा बार के उज्जवल भविष्य और बेहतरी के लिए अधिवक्ता भाई करें मनोज को मतदान

## बार के निर्वाचन अधिकारियो और अधिवक्ताओं के समक्ष मंत्री पद के युवा प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने दक्षता भाषण देकर किया जोरदार अपील,कहा मनोज शुक्ला नहीं मेजा बार के उज्जवल भविष्य के नाम पर करें मतदान,बार का करूंगा कायाकल्प

**मेजा बार एसोसिएशन चुनाव**

**अखंड भारत संदेश**



बार के निर्वाचन अधिकारियों और अधिवक्ताओं के समक्ष दक्षता भाषण देते मनोज शुक्ला

**मेजा।** मंत्री पद हेतु चुनावी जंग उतरे प्रत्याशी मनोज शुक्ल ने बार के चुनाव अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के समक्ष तहसील परिसर में दक्षता भाषण देते हुए कहा कि मंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच खड़ा हूं। मेजा बार एसोसिएशन केवल एक संगठन नहीं, बल्कि हमारा परिवार है। आज मैं अपने परिवार के बीच कोई बड़े-बड़े दिखावे वाले खोखले वादे करने नहीं, बल्कि उन मूलभूत बुनियादी समस्याओं के समाधान का संकल्प लेने आया हूँ, जिनसे हम सभी रोज रूबरू होते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना मेरा शौक नहीं है चुनाव लड़ने का मेरा मुख्य उद्देश्य है इन तीन प्रमुख स्तंभों पर टिका मेरा संकल्प है जिसमें अधिवक्ता हित, उनका मान सम्मान के साथ अधिवक्ता कल्याण कोष को और अधिक विकसित कर पारदर्शी बनाना, तहसील परिसर में सार्वजनिक एवं स्वच्छ शौचालय की सुविधा मुहैया कराना और गर्मी ठंड व बरसात के दिनों में खुले आसमान के नीचे बैठकर काम करने वाले जूनियर अधिवक्ता भाइयों के सुव्यवस्थित चैंबर स्थापित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का एक सजग जिम्मेदार प्रहरी होता है, लेकिन विडंबना यह है कि उसे अपने ही अधिकारों और मान सम्मान के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुलिस हो या प्रशासन, किसी भी स्तर पर यदि हमारे किसी साथी के मान सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुँचाई जाती है तो आपक यह भाई मनोज शुक्ला आपके मान सम्मान और रक्षा सुरक्षा के लिए ढाल बनकर खड़ा मिलेगा। दक्षता भाषण के दौरान युवा प्रत्याशी श्री शुक्ल ने आगे कहा कि बार और बेंच के बीच ऐसा समन्वय स्थापित होगा जिसमें वकीलों की गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इतना ही अधिवक्ता कल्याण कोष पर विस्तार से फोकस करते हुए उन्होंने इस कोष को और अधिक पारदर्शी व सुलभ बनाने का ऐलान किया, ताकि बीमारी अथवा अन्य आपातकालीन स्थितियों में अधिवक्ता साथियों को तत्काल आर्थिक मदद का लाभ दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील परिसर में बुनियादी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर युवा प्रत्याशी ने बेहद खेद व्यक्त किया और कहा कि मंत्री पद का दायित्व मिलते ही परिसर में स्वच्छता के साथ साथ साफ सुथरे शौचालयों शौचालयों का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जाएगा और उसकी ?नियमित सफाई के लिए एक समर्पित टीम की जवाबदेही तय की जाएगी जिससे हमारे वरिष्ठों और महिला अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

गौरतलब है कि दक्षता भाषण में जूनियर अधिवक्ताओं की पीड़ा को प्रमुखता से उठाने वाले युवा प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने कहा कि मेजा बार की रीढ़ हमारे जूनियर अधिवक्ता साथी हैं उनकी उपेक्षा हमें किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। तहसील में स्थान के अभाव में उन्हें बैठने और कार्य करने में काफी संघर्ष करना पड़ता है। ठंड हो गर्मी धूप और बरसात में खुले में बैठकर काम करना उनके स्वाभिमान के साथ बड़ा अन्याय करना है। ऐसे में उनके लिए ?नया चैंबर प्रोजेक्ट करना मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर में खाली पड़ी जमीन का आवंटन कराकर जूनियर साथियों के लिए नए और सुव्यवस्थित चैंबरों का शीघ्र ही निर्माण कराये जाने की जोरदार अपील किया। उन्होंने कहा चुनाव के पश्चात ?जब तक स्थायी चैंबर नहीं बनते, तब तक उनके बैठने के लिए कॉमन रूम में व्यवस्था कराई गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने तहसील में आधुनिक और बुनियादी सुविधाओं वाली लाइब्रेरी निर्माण को भी अपने एजेंडे में प्रमुखता से रखा है। उन्होंने अपने सम्मानित अधिवक्ता गुरुजनों एवं ?साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि

चुनाव आते हैं और चले जाते हैं, लेकिन मेजा बार के उज्जवल भविष्य एवं बेहतरी के लिए आपका आशीर्वाद और एक एक वोट मनोज शुक्ला को नहीं बल्कि सम्मानित मेजा बार के उज्जवल भविष्य और विकास हेतु समर्पित किया जाना बेहद अहम होगा।

# राजन महाराज का चनेथू शरीफाबाद में भव्य स्वागत



**जंघई।** चनेथू, शरीफाबाद गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति भाजपा नेता विमलधर दुबे द्वारा अपने आवास अंतरराष्ट्रीय सुविख्यात कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज का भव्य स्वागत किया। वारी से लेकर चनेथू तक पोस्टर, बैनर, गेट लगवाकर महाराज का स्वागत, सत्कार, आरती किया गया। महाराज ने भविष्य में चनेथू गांव में भी श्रीराम कथा कहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलदीप महाराज, विनय तिवारी महाराज, संजय दुबे, राकेश दुबे, रामचंद्र दुबे, हरिश्चंद्र दुबे, संजय सिंह, राजकुमार दुबे, अजय दुबे, बब्बू शुक्ला, दिलीप दुबे, शुभम शुक्ला, संजय सिंह, दादे दुबे, मनोज दुबे, विकास मिश्र, अनुज दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# फर्नीचर की दुकान में घुसकर दबंगों ने दंपत्ति से की मारपीट, बेटी भी घायल, थाने में दी तहरीर

## पूरी घटना दुकान में लगे शीशी टीवी फुटेज में हुई कैद खेड़छाड़ का भी मामला आया सामने



मारपीट वारदात करते दबंगों की घटना का फुटेज

**मेजा।** मेजा कोतवाली क्षेत्र के रामनगर गांव में सोमवार सुबह एक फर्नीचर दुकान में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने दुकान में घुसकर दंपती की पिटाई की और बीच-बचाव करने आई उनकी बेटी से छेड़छाड़ की। यह पूरी घटना दुकान के दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

रामनगर निवासी सावित्री देवी के अनुसार, उनके पति लवकुश विश्वकर्मा घर पर ही 'प्रतीक फर्नीचर' नाम से दुकान चलाते हैं। सोमवार सुबह करीब 10:50 बजे कुछ लोग दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पुराने लेन-देन के विवाद को लेकर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सावित्री देवी ने बताया कि जब वह और उनकी 15 वर्षीय बेटी कशिश अपने पति को बचाने आईं, तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने कशिश का हाथ पकड़कर उसे जबरन घर के अंदर खींचने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने उनके नाक, कान और गले में पहने सोने के आभूषण तथा मंगलसूत्र छीन लिए। आरोपी हैं कि उन्होंने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना में सावित्री देवी, उनके पति और बेटी को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता का कहना है कि डायल 112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद उन्होंने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार का दावा है कि घर के दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी वारदात कैद हो गई है, जो घटना का अहम साक्ष्य है।

मेजा कोतवाली प्रभारी दीनदयाल ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अरैल में विद्युत शवदाह गृह का भूमि पूजन महापौर के द्वारा संपन्न हुआ

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अरैल में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम महापौर गणेश केसरवानी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें जमुनापार क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण सुविधा के निर्माण का शुभारंभ करने का अवसर मिला। पार्षद मयंक यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का एक बड़ा सपना आज साकार हो रहा है। लंबे समय से जमुनापार क्षेत्र में आधुनिक शवदाह गृह की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कार्यक्रम में अपर आयुक्त अरविंद राय, चीफ इंजीनियर (विद्युत) संजय कटिहार एवं चीफ इंजीनियर (सिविल) संजय सचान ने उपस्थित पार्षदों एवं अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जमीन दानदाता समाजसेवी बबलू पांडे के पिता स्वर्गीय रामनरेश पांडे की स्मृति में दान की गई भूमि के लिए महापौर एवं समस्त पार्षदों ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यमुनापार की समस्त जनता इस महान योगदान के लिए सदैव ऋणी रहेगी। कार्यक्रम में पार्षद मयंक यादव, रणविजय सिंह डब्बू, पवन यादव, राकेश जयसवाल, अनुप पासी, संजय पासवान, लाल बहादुर साहू, बलराज पटेल, दिलीप केसरवानी, भगवती प्रसाद पांडे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, भाजपा नेता नरसिंह, शिव शंकर दीक्षित, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, बबलू विधायक, दिनेश सिंह, ओम प्रकाश मिश्र, मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, शक्ति केंद्र संयोजक जय कृष्णा तिवारी, घनश्याम जायसवाल, हरिकृष्ण पांडे, कार्तिकेय पुरी, बाबूजी यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## रूदापुर कंपोजिट विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**सहसों।** विकासखंड सहसों के कंपोजिट विद्यालय रूदापुर में सोमवार को वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं कक्षा आठ के छात्रों का विदाई समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत भी किया गया, जिससे विद्यालय का माहौल उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुनीता यादव ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराएं, जिससे शिक्षा का स्तर और बेहतर हो सके। इस दौरान ग्राम प्रधान ने कक्षा आठ उत्तीर्ण करने वाले छात्रों तथा वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को टिफिन, मेडल, कॉपी और पेन देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह के दौरान कक्षा आठ के बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई, जिससे वातावरण भावुक हो गया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष मौसम, एआरपी उर्मिला, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका जयलक्ष्मी गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं—शशी, सुनीता, सुषमा, अंतिमा और नेहा आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ।


## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज की रुचि आर्या ने RO/ARO परीक्षा में पाई 173वीं रैंक, डायट में हुआ सम्मान



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (RO/ARO) परीक्षा में डायट प्रयागराज की डीएलएड प्रशिक्षु रुचि आर्या ने 173वीं रैंक हासिल कर सचिवालय कैडर में नियुक्ति के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। इस उपलब्धि पर डायट प्रयागराज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रुचि की सफलता संस्थान की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है और यह अन्य प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। पूर्व प्राचार्य कुबेर सिंह ने भी रुचि को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य छात्रों को बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि रुचि ने प्रशिक्षण के साथ पढ़ाई में संतुलन बनाए रखा और निरंतर मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान रुचि आर्या ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता के लिए निरंतरता, अनुशासन और धैर्य बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि एक ही किताब को बार-बार पढ़ना अधिक लाभकारी होता है, बजाय कई किताबों को एक बार पढ़ने के। इस अवसर पर डॉ. अमित सिंह, पंकज कुमार यादव सहित संस्थान के अन्य शिक्षक, अधिकारी और प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### मुक्त विश्वविद्यालय में जीएसटी सुधारों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 8 मई को, शोध पत्र आमंत्रित



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जीएसटी 2.0 सुधारों पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 8 मई 2026 को किया जाएगा। संगोष्ठी के लिए शोध पत्र आमंत्रित किए गए हैं और पंजीकरण प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शुरू हो चुकी है ।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि देश में एकीकृत कर प्रणाली के रूप में जीएसटी का लागू होना स्वतंत्रता के बाद के बड़े आर्थिक सुधारों में से एक है। उन्होंने कहा कि ह्यविकसित भारत 2047ह्ण के लक्ष्य को हासिल करने में जीएसटी समावेशी विकास, राजकोषीय मजबूती और आर्थिक दक्षता का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। इससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है, डिजिटलीकरण के जरिए कर अनुपालन में सुधार आया है और अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा मिला है ।उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जीएसटी व्यवस्था में अभी कुछ चुनौतियां मौजूद हैं, जैसे कर दरों का युक्तिकरण, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए अनुपालन की जटिलताएं और राज्यों के राजस्व में असमानता। इन मुद्दों के समाधान पर संगोष्ठी में विस्तार से चर्चा की जाएगी ।कुलपति ने बताया कि यह संगोष्ठी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, शिक्षाविदों, नीति निमार्ताओं, निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान करेगी, जहां जीएसटी सुधारों के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों और भविष्य की दिशा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें डिजिटल परिवर्तन, राजकोषीय संघवाद और पारदर्शिता जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा होगी ।जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ह्यविकसित भारत 2047ह्ण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक नीतिगत सुझाव तैयार करना है। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए प्रबंधन विद्या शाखा के प्रोफेसर देवेश रंजन त्रिपाठी को संयोजक बनाया गया है ।प्रोफेसर त्रिपाठी ने देशभर के प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों से इस संगोष्ठी में भाग लेने की अपील की है। विश्वविद्यालय द्वारा सभी शिक्षण संस्थानों को आयोजन से संबंधित जानकारी भेजी जा रही है।

### अमर मंदाकिनी धाम में भंडारे का आयोजन



**जंघई।** अमर मंदाकिनी प्रतापपुर कला धाम में विगत कई वर्षों से विशाल भंडारा चल रहा है, इस वर्ष भी जगत जननी मां भगवती उमे दिव्यै के पावन धाम में देवली रामपुर हनुमान मंदिर आश्रम के बटुकों द्वारा 48 घंटे में अनवरत पाठ सकुशल संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि रमेश कुमार पांडेय पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा भाजपा की अध्यक्षता में भक्तों ने मां का प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों के बीच यह संदेश दिया कि इस तरह का धार्मिक कार्य या यज्ञ करने से समाज परिवार देश प्रदेश में व्याप्त विषमता समता में परिणित होकर समरस्ता कायम होगी यह कहकर सभी भक्तों को आभार प्रकट किया। इस अवसर पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय, ब्रह्मा तिवारी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक जगतपुर के शैलेश पांडेय, क?ृष्णमुरारी मिश्र डॉक्टर साधु चरण तिवारी पूर्व प्रधान मेजा से अवधेश पांडेय, मांडा से गायत्री प्रसाद मिश्र नागेंद्र प्रसाद सिंह जंघई, बच्चन प्रधान पिलखिनी, संतोष द्विवेदी, श्रीकांत मिश्र, शिवनारायण त्रिपाठी सैदाबाद आदि मां के भक्तों ने मां का प्रसाद ग्रहण किया समापन के दौरान संयोजक रमेश पांडेय सभी अतिथियों का विनम्रता पूर्वक आभार प्रकट किया।

### नैनी में नशे की बिक्री तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार



**नैनी।** नैनी पुलिस एवं एसओजी यमुनानगर जोन की संयुक्त टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 106.15 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) के मार्गदर्शन तथा पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरटीओ मोड़ छिवकी स्टेशन के पास थाना नैनी क्षेत्र से अभियुक्त बच्चा भारतीया उर्फ करन कुमार भारतीया निवासी डभांव तालाब थाना नैनी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अल्प्राजोलम की अवैध बिक्री करता था और आने-जाने वाले परिचित लोगों को यह नशीला पदार्थ बेचता था। पुलिस को देखते ही वह भागने की कोशिश करने लगा लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना नैनी में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा उसके खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूरी कार्रवाई एसओजी यमुनानगर जोन एवं थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न की गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परास विकासखंड कड़ा जनपद कौशाम्बी**

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत परास विकासखंड कड़ा जनपद कौशाम्बी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत परास से प्राप्त किए जा सकते हैं 07 अप्रैल 2026 से 22 अप्रैल 2026 दोपहर 12 बजे तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 23 अप्रैल 2026 को 3:00 बजे दोपहर बाद उपस्थित फर्मों के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

**तबस्सुम बेगम**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत परास**
**वि0खं0 कड़ा जनपद कौशाम्बी**

**सत्य प्रकाश पाण्डेय**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत परास**
**वि0खं0 कड़ा जनपद कौशाम्बी**

# डीएम ने ग्राम भदौसी में गेहूँ की क्राप कटिंग कराकर परखी फसल की उत्पादकता

## डीएम ने स्वयं खेत में जाकर काटी गेहूं की फसल, किसानों को दी महत्वपूर्ण सलाह

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज तहसील सदर के ब्लाक सण्ड़वा चन्द्रिका अन्तर्गत ग्राम पंचायत भदौसी में कृषक हौसला प्रसाद के गेहूँ की फसल के उत्पादन व उत्पादकता को जानने को लेकर क्रॉप कटिंग करायी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कृषक के खेत में पहुँचकर स्वयं धान की कटाई भी की। यह क्रॉप कटिंग प्रयोग भारत सरकार द्वारा विकसित सी0सी0ई0 एग्री ऐप के माध्यम से पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया, जिससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित हो सके। रैंडम नंबर के आधार पर 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज की फसल कटाई प्रयोग सफलतापूर्वक जिलाधिकारी के समक्ष संपन्न की गई, इस प्रयोग में 20.550 किलोग्राम उपज प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर 47.47 कुंतल प्रति हेक्टेयर गेहूँ की उत्पादकता प्राप्त हुई। क्रॉप कटिंग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जनपद के किसानों से अपील की कि वे अपनी गेहूँ की फसल सरकारी क्रय केंद्र पर ही बेचें ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होने यह भी कहा कि किसान भाई पराली न जलाएं और अपने नजदीक की गौशाला में पशुओ के लिये चारे का दान करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, अपर सांख्यिकी अधिकारी मयंक बाजपेई, तहसीलदार अनिल कुमार, फसल बीमा कम्पनी के जनपद समन्वयक अभिज्ञान सिंह, योगेश सिंह व लेखपाल व कानूनगो उपस्थित रहे।

# गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 की बैठक व कार्यशाला जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शासन द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति कुंतल है। गेहूं क्रय की अवधि 30 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक गेहूं क्रय किया जाएगा। गेहूं क्रय केंद्र प्रातः 09 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। गेहूं खरीद वर्ष 2026-2027 हेतु 69 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। गेहूं खरीद हेतु शासन द्वारा लक्ष्य अभी प्राप्त नहीं हुई है पिछले वर्ष के अनुमान से खरीद की जायेगी, लक्ष्य प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। गेहूँ क्रय केन्द्र रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर शेष कार्यदिवसों में खुले रहेगे। क्रय केन्द्रों पर आधार कार्ड, खसराध्खतौनी, पहचान पत्र, पंजीकरण कागज लेकर आना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना आदि सारे उपकरण की उपलब्धता क्रय केन्द्रों पर सुनिश्चित रहे। क्रय केन्द्र पर क्रय पंजिका, स्टॉक बुक, टोकन पंजिका, गेहूँ प्रेषण रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, शिकायत पंजिका एवं कृषक से खरीद सम्बन्धी अभिलेख अवश्य उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गेहूँ क्रय केन्द्र के आस-पास आढ़तियें कदापि न भटकने पाये, यदि ऐसा पाया जाता है तो क्रय केन्द्र प्रभारी इसकी सूचना सम्बन्धित उपजिलाधिकारी देगें और यदि नही देते है तो सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक अभिलेखों की जांच करें एवं जो भी कमियां पायी जाये उसे दुरूस्त करा दें। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बैनर पोस्टर लगाये जाये उसमें केन्द्र का नाम, मोबाइल नम्बर, केन्द्र प्रभारी का नाम, गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य अंकित किये जाये। सभी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बोरो की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था, किसानों हेतु बैठने व पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करा ली जाये जिससे किसी भी कृषक को परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद के समय इलेक्ट्रानिक कांटा शत प्रतिशत संचालित रहे। जिलाधिकारी ने गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि यदि क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह से परेशान किया जाता है या उन्हें लौटाया जाता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। सभी केन्द्र प्रभारी अधिक से अधिक खरीद सुनिश्चित कराये। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# चाकू के हमले में मरणासन्न अवस्था में मिली महिला

## गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

**अखंड भारत संदेश**





**पट्टी/बेलखरनाथ।** तहसील क्षेत्र में सोमवार की सुबह 7 बजे उस दौरान हड़कंप मच गया जब दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर सोनाही गांव की सीमा पर अफसरी बानो (32) नाम की महिला मरणासन्न अवस्था में सुनसान जगह पर मिली। देखते ही देखते गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची दिलीपपुर पुलिस ने महिला को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ धाम भेजा जहां स्थिति गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल महिला का मायका रानीगंज थाना क्षेत्र के कसेरुआ गांव में बताया जा रहा है। उसकी ससुराल दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेल पुर गांव में है। घायल महिला ससुराल वालों के खिलाफ रविवार को दिलीपपुर थाने पर तहरीर दे कर कार्यवाही की मांग की थी। घटना ढाई से तीन बजे सुबह भोर की बताई जा रही है। महिला के गले व सिर पेट में चाकू के हमले के निशान दिखाई दे रहे हैं। चर्चा है कि घायल महिला के पति ने कुछ महीने पहले चोरी से दूसरी शादी कर ली है। उसी मामले को लेकर घायल महिला का विवाद चल रहा है। घायल महिला को एक बेटी भी है। पुलिस की निगरानी में घायल अफसरी बानो का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

## अनियंत्रित बाइक पलटने से युवक की हुई मौत

**कुंडा।** साथी संग बाइक से जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर अचानक हाईवे पर पलट गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को सीएचसी भेजा। सीएचसी में डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि साथी को रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज के मऊआइमा थाना क्षेत्र के भिटाऊ आरिफ गांव निवासी ननकू का 25 वर्षीय बेटा शेबू उर्फ मो. आफाक अपने साथी मो. इस्लाम के बेटे मो. शमीम निवासी चकउद्दीन पूरे माली मऊआइमा प्रयागराज के साथ बाइक से रविवार शाम कहीं जा रहा था। जैसे ही वह लोग कुंडा कोतवाली के शेखपुर हनुमान मंदिर के सामने हाईवे पर पहुंचे। अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक पलटने से दोनों युवक घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। सीएचसी में डॉक्टरों ने सेबू को मृत घोषित कर दिया, जबकि साथी मो. शमीम को रेफर कर दिया। युवक के मौत की खबर मिलते ही उसकी पत्नी शहनाज और एक वर्षीय बेटे समेत पूरे परिवार का रो रो कर हाल बेहाल है। सीएचसी पहुंचे दरोगा गोविन्द सिंह चौहान ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रसोईया के सिलेंडर पाइप में लगी आग, भगदड़



**बेलखरनाथ धाम।** प्राथमिक विद्यालय की रसोइया में गैस सिलेंडर पर भोजन बनाते समय पाइप में आग लग गई। जिससे वहां भगदड़ मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड व पुलिस के पहुंचने से पहले प्रधानाध्यापक व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लिया गया।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कांधरपुर में सोमवार सुबह बच्चों का मिडे मील रसोइया संतरा विश्वकर्मा बना रही थी।इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर की पाइप फट गई और आग सिलेंडर में पकड़ लिया। रसोइया ने घटना की सूचना क्लास में पढ़ा रहे प्रधानाध्यापक गोविंद नाथ यादव को दी उन्होंने पहले सभी बच्चों को कहां से सुरक्षित निकाल दिया फिर ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई अपनी घटना नहीं हुई। आग लगने से विद्यालय में अपरा तफरी मच गई। सूचना पर फायर कर्मी व डायल 112 के साथ ही पूरेधना चैंकी इंचार्ज कमलेश कुमार भी पहुंच गए।पुलिस गनीमत रही कि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रधानाध्यापक गोविंद यादव ने बताया कि गैस सिलेंडर की पाइप लीक होकर टूट गई थी इसकी वजह से अचानक आग लग गई फिलहाल किसी तरह कोई हताहत नहीं हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत



**कुंडा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घायल युवती कों इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी कुंडा भेजा गया। बाघराय क्षेत्र के उमरापट्टी गांव की रहने वाली भावना सिंह (22) पुत्री जीतेन्द्र बहादुर सिंह युवती स्कूटी से अपने किसी काम से हीरागंज जा रही थी। इसी दौरान महेशगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवती गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी कुंडा भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की खबर सुनकर स्वजनों में कोहराम मच गया।

### नायब तहसीलदार बनने पर अवंतिका व ज्योति का हुआ सम्मान




**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में सोमवार को पीसीएस परीक्षा में नायब तहसीलदार पद पर चयनित मेधावियों का समारोहपूर्वक सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने विद्यालय के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया। मुख्य अतिथि व विद्यालय के प्रबन्धक प्रो0 शिवाकांत ओझा ने नायब तहसीलदार के पद पर सफलता हासिल करने वाली विद्यालय की पूर्व छात्राएं अवंतिका शुक्ला व ज्योति पाण्डेय को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। प्रोफेसर ओझा ने कहा कि विद्यालय की छात्राओं को मिली सफलता से विद्यालय की नही समूचा जनपद गौरवान्वित है। उन्होने कहा कि लगन व मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। वहीं अवंतिका शुक्ला व ज्योति पाण्डेय ने सफलता में विद्यालय से मिली शिक्षा अनुशासन व संस्कार को अहम ठहराया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार तिवारी ने संयोजन तथा पीएन सिंह ने संचालन एवं प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर उमेश पाल मिश्र, हर्षद शुक्ल, प्रमोद पाण्डेय, केशवराम ओझा आदि मौजूद रहे।

### वांछित धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** चोरी के मुकदमें में वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के दरोगा चित्तर सिंह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मुकदमें के वांछित रामापुर थाना कोहडौर निवासी रमेश तिवारी उर्फ मुकुन्द पुत्र सूरजलाल तिवारी को घर के समीप से गिरफ्तार किया। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

### समीक्षा अधिकारी बनीं स्वाती, खुशी



**लालगंज।** समीक्षा अधिकारी पद पर सफलता हासिल कर बेटी ने पिता के सपनों को गौरवान्वित किया है। सांगीपुर विकासखण्ड के रामनगर कोल मुस्तफाबाद निवासी स्व0 त्रियुगी नारायण पाण्डेय पुलिस विभाग में उप निरीक्षक पद से रिटायर्ड हुए थे। स्व0 त्रियुगी नारायण पाण्डेय की पुत्री स्वाती पाण्डेय ने यूपीपीएससी की परीक्षा में समीक्षा अधिकारी पद पर सफलता हासिल कर परिवार, क्षेत्र व जिले का मान बढ़ाया है। धीरज पाण्डेय, नन्हें पाण्डेय, राहुल, प्रिया पाण्डेय, ऋषभ आदि ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की।

### पूर्व एमएलसी बब्बू राजा को प्रमोद ने अर्पित की पुष्पांजलि



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार की शाम कटरा स्थित रानी रामप्रिया गार्डन में पहुंचकर जिले के पूर्व विधान परिषद सदस्य आनंद भूषण सिंह बब्बू राजा को पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व एमएलसी की तेरहवीं संस्कार पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्व0 बब्बू राजा विनम्र स्वभाव के व्यक्ति और जनता के सुख दुख में सदैव सहभागिता के लिए याद रखे जाएंगे। उन्होंने दिवंगत एमएलसी बब्बू राजा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशान्तदेव शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेश कुमार सरोज, मो0 हुजैफ, मो0 वसीम, रियाज सुल्तान, अरबाज आलम, नूरआलम, देवमणि पाण्डेय आदि रहे।

### सड़क हादसों में तीन घायल

**कुंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना गांव निवासी हरीलाल का 22 वर्षीय बेटा अमन मौर्या किसी काम से कुंडा गया था। जैसे ही वह बेंती बाईपास के पास पहुंचा, अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के बीरगढ़ उदयपुर गांव निवासी 35 वर्षीय रेखई बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के खेमीपुर गांव निवासी रमेश चन्द्र शुक्ला का 30 वर्षीय बेटा राहुल कुमार बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी भेजा।

# जिले में जल जीवन मिशन का इम्पैक्ट असेसमेंट कार्य संपन्न



**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक पट्टी के कुकुवार एवं पहलमापुर, मांधाता के बरहुआ भोजपुर तथा सदर के भिलमपुर में इम्पैक्ट असेसमेंट (प्रभाव मूल्यांकन) कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह इम्पैक्ट असेसमेंट प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय द्वारा कराया जा रहा है। इस मूल्यांकन का उद्देश्य ह्लहर घर जलह्व योजना के अंतर्गत प्रदान की जा रही पेयजल सेवाओं की वास्तविक स्थिति, गुणवत्ता, निरंतरता एवं लाभार्थियों पर पड़ रहे प्रभाव का आकलन करना है। टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण करते हुए पाइपलाइन नेटवर्क, जल स्रोत, जल आपूर्ति की नियमितता एवं उपभोक्ता संतुष्टि का विस्तृत परीक्षण किया गया। साथ ही ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी दर्ज किया गया। इम्पैक्ट असेसमेंट के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जबकि कुछ बिंदुओं पर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना का लाभ प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक प्रभावी एवं सतत रूप से पहुंचे। जनपद प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के नियमित इम्पैक्ट असेसमेंट से योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में निरंतर सुधार हो रहा है, जिससे ह्लहर घर जलह्व के लक्ष्य को सुदृढ़ रूप से प्राप्त किया जा सकेगा।

# देश में ऊर्जा संकट के लिए मोदी सरकार की विदेश नीति में भटकाव अहम कारण : प्रमोद तिवारी



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश में उत्पन्न ऊर्जा संकट के लिए केन्द्र की मोदी सरकार की विदेश नीति में भटकाव को जिम्मेदार बताया। उन्होने कहा है कि मोदी सरकार की गलत विदेश नीति और पटरी से उतरी आर्थिक नीति के कारण देश की प्रतिष्ठा हर मोर्चे पर धूमिल हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत एलपीजी गैस की जरूरतों का लगभग साठ प्रतिशत से अधिक एक बड़ा हिस्सा अरब देशों से और होर्मुज जलडमरू के रास्ते से आयात किया करता है। बतौर उदाहरण उन्होने कहा कि सउदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत से देश के भीतर हर साल लाखों टन एलपीजी गैस आया करती है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि खाड़ी देशों से भारत की नब्बे प्रतिशत से अधिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित होती रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस घरेलू आवश्यकता को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 नेहरू, इन्दिरा गांधी व अटल बिहारी वाजपेयी व डॉ0 मनमोहन सिंह ने ईरान-ईराक और खाड़ी देशों से बेहतर सम्बन्ध बनाए रखे थे। उन्होने कहा कि मौजूदा मोदी सरकार अमेरिकी दबाव में राष्ट्रीय हितों से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय मसलों पर भी चुप्पी साधे हुए है। प्रेसवार्ता के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी की भी तगड़ी घेराबंदी करते हुए कहा कि पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंज्प से भय के चलते अमेरिकीपरस्त नीति अख्तियार कर रहे हैं। उन्होने सरकार से कहा कि वह केरोसिन तेल को पूर्व की व्यवस्था की भांति गांवों के सरकारी खाद्यान्न की दुकानों से ही वितरित कराना सुनिश्चित करे। प्रेसवार्ता में सांसद प्रमोद तिवारी ने हाल ही में प्रतापगढ़ जिले सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सो मे असमय बारिश और तूफान के चलते गेहूं की फसल के नुकसान को भी चिंताजनक ठहराया है। उन्होने कहा कि तैयार फसल को व्यापक क्षति पहुंची है। वहीं उन्होने फसल नुकसान पर सरकार के द्वारा मुआवजे के ऐलान को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि धरातल पर किसानों को मुआवजा नही मिल पा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार को फौरन फसल नुकसान का आकलन कराकर किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से क्षति के अनुरूप मुआवजा प्रदान करना चाहिए। इस दौरान पं0 श्याम किशोर शुक्ल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष मो0 इस्तियाक, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला, डॉ0 प्रशान्तदेव शुक्ल, सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला आदि रहे। इसके पहले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों को भी तेज बनाए रखने को कहा। यहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी व पं0 श्याम किशोर शुक्ल की अगुवाई में कार्यकताओं द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण का भव्य स्वागत भी किया गया।

# समय के सदुपयोग और निरंतरता से ही प्राप्त किया जा सकता है लक्ष्य : राम प्रकाश



**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक में स्थित कंपोजिट विद्यालय शीतलपट्टी के प्रांगण में सोमवार को कक्षा 8 के बच्चों का फेयरवेल,शिक्षक सम्मान, वार्षिक अंक पत्र वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि राम प्रकाश तिवारी शामिल रहे। अध्यक्षता प्रेम नाथ वर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक ध्रुव शर्मा ने अतिथियों व आगंतुकों का अभिवादन करते हुए विद्यालय के वर्ष भर का वृत्त प्रस्तुत किया।इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉक्टर आलोक सिंह ने स्मृति चिन्ह और वरिष्ठ शिक्षक जगदीश सिंह ने अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कक्षा 6 में प्रथम स्थान आरोही सिंह द्वितीय स्थान अंशिका वर्मा, तृतीय स्थान लक्ष्मी, कक्षा 7 में प्रथम स्थान लक्ष्मी तिवारी द्वितीय स्थान प्रियंका पटेल और तृतीय स्थान अंजली, और कक्षा 8 में प्रथम स्थान काजल द्वितीय स्थान राधिका और तृतीय स्थान अंजली सहित सभी रैंकर्स को मेडल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बच्चों ने फनी डांस की प्रस्तुति की जिसे देख लोग भाव विभोर हो गए। इसके पूर्व नव प्रवेशी छात्राओं को स्कूल बैग देकर स्वागत किया गया और स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई । विदाई कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षिका प्रिया सिंह, युगेश त्रिपाठी, नीलम तिवारी ने माला पहना कर व तिलक लगाकर और आरती करके बच्चों को आशीर्वाद दिया । अंत में मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि चरित्र निर्माण समय के सदुपयोग और निरंतरता से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ध्रुव शर्मा ने किया।

## बांस काटने के विवाद में पड़ोसियों पर मारपीट व धमकी का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत दुकरा गांव में जमीन पर लगे बांस काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी रमेश बहादुर सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने ही पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित रमेश बहादुर सिंह का कहना है कि वह अपनी निजी भूमि में खड़े बांस को काट रहे थे, तभी अचानक पड़ोसी वहां पहुंच गए। आरोप है कि पड़ोसियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मामला बढ़ गया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। रमेश बहादुर सिंह के अनुसार, हमले के दौरान उन्होंने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है, जिससे वह और उनका परिवार दहशत में है। घटना के बाद पीड़ित ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भूत के चक्कर में महिला को घर में घुसकर पीटा

**पट्टी।** आसपुर देवसरा इलाके के मझगवां गांव में अंधविश्वास ने एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार कर दिया। ह्लभूत-प्रेतह्व के शक में पड़ोसियों ने एक महिला पर ऐसा कहर बरपाया कि सुनकर रूह कांप जाए। लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से लैस दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। मझगवां निवासी पूजा देवी पत्नी सुभाष चंद्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह बीमार चल रही थी और दो दिन पहले अपने मायके सुमतपुर गई हुई थी। सोमवार को जैसे ही वह वापस अपने घर लौटी और आराम करने लगी, तभी अचानक पड़ोसियों का गुस्सा फूट पड़ा। आरोप है कि दोपहर के समय पड़ोसी लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी लेकर उसके घर में जबरन घुस आए। गाली-गलौज करते हुए उसे चारों तरफ से घेर लिया और ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा, वहीं एक महिला ने उसके बाल पकड़कर उसे घर के अंदर और बाहर तक घसीटा। हमले के पीछे जो वजह सामने आई वह और भी चैंकाने वाली है। पड़ोसियों का आरोप था कि पूजा देवी अपने मायके से ह्लभूतह्व लेकर आई है, जिससे उनके बच्चे बीमार हो रहे हैं। इसी अंधविश्वास के चलते उन्होंने महिला को निशाना बनाया और उसके साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। घटना के बाद घायल पूजा देवी किसी तरह थाने पहुंची और सोमवार दोपहर करीब 2 बजे पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई। मामले में थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि तहरीर मिल गई है, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों के प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर,परिवहन,स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन,खनन,विद्युत,वन विभाग मण्डी,आबकारी एवं नगर निकाय के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि कार्य योजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश




दिए। उन्होंने तहसीलवार बड़े बकायेदारों से आर.सी.वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान आर.सी.वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी तहसीलदार नायब तहसीलदार को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वादां के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को 10-10 गॉवों की भूमि विवादों की सूची तैयार कर मौके पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर तथा स्वयं भी भ्रमण कर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने भू-माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत छूटे हुए किसान का फार्मर रजिस्ट्री कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) शालिनी प्रभाकर सहित व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## चोरी के सामान के साथ 02 अभियुक्तों को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली पर 03 अप्रैल को त्रियुगी नारायण पुत्र लुसी निवासी ग्राम थुलगुला थाना सैनी द्वारा सूचना दी गयी कि थुलगुला स्थित मेरा मकान जिसमें ताला लगा रहता है, दिनांक 02.04.2026 को साफ-सफाई के लिये अपने घर आया तो देखा कि रोशनदान का छड़ कटा हुआ था और कमरे के ताले टूटे हुये थे,अन्दर जाकर देखा गया तो पीली धातु टप्स,अगुठी व बर्तन तथा टीबी चोरी हो गयी है सैनी कोतवाली पर मु0अ0सं0 120/2026 धारा 331(1)/305(1) बीएनएस पंजीकृत हुआ थाना सैनी पुलिस ने आस-पास के लोगो से पूछताछ,सर्विलांस एवं सीसीटीवी के माध्यम से साक्ष्य संकलित करते हुये दिनांक 05/06.04.2026 की रात्रि में वांछित अभियुक्त देवा यादव पुत्र चन्द्रभान वा दीपक कुमार पुत्र स्व0 गुलाब निवासीगण ग्राम थुलगुला थाना सैनी को अलीपुर जीता नहर के पास से गिरफ्तार किया अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का 12 पीली धातु का लोटा, 03 पीली धातु की थाली, 01 जोडी कान के टप्स पीली धातु एवं 01 एलईडी टीवी बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है अभियुक्तों ने जुर्म कबूल किया है।

# शालिनी सिंह बनी उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोसल मीडिया विभाग की अध्यक्ष

**जिलाध्यक्ष ने पट्टिका पहनाकर दी बधाई**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोसल मीडिया विभाग में हाल में ही बदलाव करते हुए उत्तर प्रदेश सोसल मीडिया की कमान शालिनी सिंह को सौंपी इस दौरान कौशाम्बी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय व सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय ने पट्टिका पहनाकर उनका सम्मान बढ़ाया इस दौरान गौरव पाण्डेय ने कहा कि आज के समय में सोसल मीडिया बहुत अहम हो गया है इसके माध्यम से हम अपनी पाटी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं निश्चित तौर पर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने यह जिम्मेदारी शालिनी सिंह को सौंपी है जो इस प्लेट फार्म के लिए अनुभवी हैं हम सभी अपने जनपदों या ब्लाक,नगर या ग्राम स्तरीय जो भी कार्यक्रम करते है सोसल मीडिया प्लेटफार्मों के द्वारा उसे जन जन तक



पहुंचाया जाता है हम इस तानाशाह सरकार के खिलाफ एवं जनता के अधिकार की लड़ाई लड़ेगे और उन्हें उनका अधिकार दिलाएंगे जिसके लिए सोसल मीडिया बहुउपयोगी है.इस दौरान बधाई देने वालों में पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष उदय यादव,राम सूरत रैदास,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, रमेश यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी, जिला सचिव रामप्रकाश सरोज, बिफई लाल, शुभेंद्र यादव, राज कुमार यादव, सुखलाल यादव, नोखे लाल यादव, अमृत लाल, छोटेलाल रैदास, अवधेश कुमार, इंद्रपाल रैदास, रामदास राही, नाथन लाल रैदास, सुरेश सरोज, अरुण पटेल, बड़का रैदास, गोलू जायसवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा में शामिल हुए हजारों श्याम भक्त

**समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी ने खाटू श्याम बाबा का किया स्वागत**





अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा पुरानी बाजार स्थित हनुमंत निकेतन मंदिर से हजारों महिलाओं पुरुष एवं बच्चों द्वारा बड़े धूमधाम से निकाली गई नाचते गाते झूमते बाबा खाटू श्याम का जय कारा लगाते महिला पुरुष और बाबा के भक्त कस्बे में आगे बढ़ रहे थे खाटू श्याम की भक्ति में पूरा कस्बा लीन दिखाई पड़ा है खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा भरवारी कस्बा भ्रमण के दौरान जगह जगह पर जलपान एवं प्रसाद का वितरण नगर के भक्तों द्वारा किया गया निशान यात्रा हनुमंत निकेतन मंदिर पुरानी बाजार से उठकर भरवारी कस्बा में नगर भ्रमण कर नया बाजार स्थित हनुमान मंदिर खाटूश्याम बाबा मंदिर में समाप्त किया गया 'इस मौके पर समाजवादी पाटी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व चेयर मैंन कैलाश केशरवानी वा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रवेश केशरवानी ने निशान यात्रा का स्वागत किया खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी दिनांक 7 अप्रैल को बाबा का संकीर्तन महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया गया है 'इस कार्यक्रम के आयोजन गौरव केशरवानी उर्फ मोनू सेठ उपांशु केशरवानी बब्बू अग्रवाल राज कुमार धुरिया रमेश अग्रवाल राकेश अरोड़ा अतिन केशरवानी तनु केशरवानी राज स्वीट हाउस आदि श्याम मित्र मंडल की तरफ से खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा का आयोजन कराया जाता है।

## तुलसीपुर की सरकारी जमीन पर होता रहा कब्जा अधिकारी बजाते रहे चैन की बंसी

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के तुलसीपुर ग्राम सभा में सरकारी जमीन गाटा संख्या 144 पर कब्जे की शिकायत ग्रामीणों ने 10 दिन पहले अधिकारियों से की थी लेकिन उसके बाद भी सरकारी जमीन का कब्जा निरंतर चलता रहा और दीवाल उठाने के बाद सरकारी जमीन पर लोगों ने छत बना लिया है जांच के नाम पर तहसील के अधिकारी 10 दिनों से केवल नाटक करते रह गए हैं तहसील के अधिकारी नहीं चाहते थे कि सरकारी जमीन का कब्जा रोका जाए जिससे तहसील के अधिकारियों के सरकारी जमीन कब्जा करने में शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता है सरकारी जमीन में कब्जा किए जाने का यह मामला संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों ने अवैध कब्जा नहीं रोका है जो उनकी निष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। गौरतलब है कि सिराथू तहसील अंतर्गत तुलसीपुर ग्राम सभा में सरकारी भूमि गाटा संख्या 144 पर अवैध कब्जा कराने का मामला दस दिन पहले अधिकारियों के सामने पहुंचा था ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि लेखपाल की मिलीभगत से ग्राम सभा की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कराया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार यह जमीन सार्वजनिक उपयोग के लिए चिन्हित है,लेकिन हाल के दिनों में सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।जब गांव के लोगों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकाने की भी बात सामने आई। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्राम प्रधान और अन्य ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है लेकिन सरकारी जमीन में कब्जे के मामले में 10 दिन के बीच जांच करना तो दूर रहा उल्टा जिम्मेदारों ने सरकारी जमीन पर कब्जा करवा दिया 10 दिन पहले ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया था कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी जमीन पर पूरी तरह से कब्जा हो जाएगा लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने इस गम्भीर मामले को गंभीरता से नहीं लिया सरकारी जमीन में कब्जा किए जाने के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।इस संबंध में लेखपाल से संपर्क करने की कोशिश की गई,लेकिन उनका पक्ष स्पष्ट नहीं हो सका।वहीं तहसील प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल उठता है कि 10 दिन से अभी तक तहसील प्रशासन ने सरकारी जमीन के कब्जे को क्यों नहीं रोका है इसके पीछे तहसील प्रशासन की क्या मनसा खड़ी थी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम सभा की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए और सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ-साथ कब्जा ना रोकने वाले अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए।

## न्यूज झरोखा

### मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पचांयत पिपरकुण्डी में स्वयं सहायता समूह की गतिविधियां का किया निरीक्षण

**महिमा महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियॉ प्रतिदिन 15000 पीस पानी पूड़ी की बिक्री कर, बनी आत्मनिर्भर**



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम पचांयत पिपरकुण्डी में राष्टीय ग्रामीण अजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के गतिविधियां का निरीक्षण किया मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम पंचायत में कुल 22 समूह गठित है। 18 समूहों को स्टार्टअप एवं आर0एफ0 फण्ड प्राप्त हो चुका है, 12 समूहो को सामुदायिक निवेश निधि,16 समूहों को सी0सी0एल0 की धनराशि प्राप्त हुई है। महिमा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा पानी पूड़ी (गोल गप्पे) का व्यापक पैमाने पर तैयार कर बिक्री किया जा रहा है। दीदीयों द्वारा बताया गया कि एक दिन में लगभग 15000 पीस की बिक्री हो रही है, जिसमें 02 स्वयं सहायता समूह की 12 से 14 दीदीयॉ निरन्तर कार्य करती है।मुख्य विकास अधिकारी ने दीदियों द्वारा पानी पूड़ी बिक्री के लिए गाड़ी की मॉग की एंव दुग्ध डेरी काम की मॉग करने पर सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया कि सीएम युवा उद्यमी योजना से जोड़कर लाभी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सचिव,ग्राम पंचायत को शेष परिवारों को समूह से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्हांने अन्पूर्णा भवन में खाद्यान का वितरण एवं सार्वजनित शौचालय की क्रियाशीलता का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियां को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर ऑगनबाड़ी केन्द्रों के खुलने की स्थिति की समीक्षा के दौरान कुछ ऑगनबाड़ी केन्द्र न खुले पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सीडीपीओ. को विशेष ध्यान देते हुए प्रतिदिन अनुश्रवण कर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी भवनों में संचालित ऑगनबाड़ी केन्द्रों को सरकारी भवनों में शिफ्ट कराने की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि जहॉ पर ऑगनबाड़ी केन्द्र, सरकारी भवन में शिफ्ट कराया जाना सम्भव नहीं है, वहॉ पर ऑगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने सभी सीडीपीओ. को ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मुख्य सेविकाओं से सैम बच्चों की संख्या पोषण पुनर्वास केन्द्र में भती कराए जाने एवं उनका फॉलोअप की जानकारी प्राप्त करते हुए अपेक्षित कार्यवाही प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सीडीपीओ से कहा कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ साप्ताहित बैठक कर विभागीय योजनाओं कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने विगत माह में सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भती न कराने वाले सीडीपीओ.मुख्य सेविकाओं का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीडीपीओ. से कहा कि सैम मैम बच्चों का चिन्हीकरण कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भती कराया जाय। शत-प्रतिशत होम विजिट एवं पुष्टाहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाय।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### अधिवक्ता के पिता का हुआ निधन



**कौशांबी।** चायल तहसील के तिल्हापुर गांव निवासी अनिल कुमार शुक्ला एजीए अधिवक्ता उच्च न्यायालय इला.के पिता राम पदारथ शुक्ला का सोमवार को निधन हो गया है निधन की जानकारी मिलते ही उनके आवास पर लोगों को भीड़ लग गई और लोगों ने प्रभु पुण्यात्मा से अपने श्री चरणों में स्थान देने की फरियाद की दुख की घड़ी में उपस्थित लोगों ने कहा कि परिवार को इस असहनीय वेदना को सहन करने का संबल प्रदान करें 2 मिनट का मौन उपस्थित लोगों ने रखा इस मौके पर अधिवक्ता संघ से अभिषेक द्विवेदी,अंकित त्रिपाठी अभिषेक द्विवेदी कौशलेश द्विवेदी दीपक सिंह मनदीप अवस्थी शशि प्रकाश त्रिपाठी अशोक कुमार मिश्रा दीपक सुरेंद्र कुमार लंकेश लवली इन गुप्ता आदि अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

### तीन बीघे में खड़ी गेहूं की फसल आग लगने से जलकर हुई नष्ट

**कौशांबी** विकास खण्ड सरसवां के ग्राम जयन्तीपुर के कृषक अशोक सिंह उर्फ मानसिंह की लगभग 03 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल आग लगने से जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही तहसीलदार मंझनपुर,नायब तहसीलदार मोबिन अहमद एवं थाना प्रभारी पश्चिम शरीरा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।

## भीषण आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**घर के बाहरी हिस्से में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका**

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शीतलपुर अदांवा गांव में शॉर्ट सर्किट से सोमवार दोपहर को एक घर के बाहरी हिस्से में बने रसोईघर में भीषण आग लग गई। जानकारी मिलते ही मौके में तमाम लोग पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई सूचना पर पहुंची दमकल टीम व स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग की चपेट में आकर गृहस्थी का सामान,अनाज,कपड़े बर्तन बिस्तर व पशुचारा (भूसा) जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि बगल में खड़ी गेहूं की तैयार फसल सुरक्षित बच गई।गांव निवासी रामनरेश पाल का हाईवे किनारे एक ढाबा है,जो इन दिनों बंद है और वहीं वह परिवार सहित ढाबे में रहते हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक रसोईघर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा किचन व बगल के कमरे धू-धू कर जलने लगे। धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे।इसी बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी मौके पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों व शहजादपुर चौकी पुलिस के साथ मिलकर काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है आग की लपटें पास के खेत तक पहुंच सकती थीं,जहां गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी लेकिन समय रहते आग बुझ जाने से खेत की फसल को नुकसान नहीं हुआ।पीड़ित रामनरेश पाल के अनुसार आग में घर में रखा अनाज,कपड़े,बर्तन बिस्तर भूसा सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। उन्होंने करीब 50 हजार रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान बताया है।

## जिला पंचायत बैठक में हंगामा विकास कार्यों को लेकर सदस्यों का विरोध

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत की बैठक उस समय हंगामे में बदल गई जब पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य न कराए जाने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बैठक के दौरान कई सदस्यों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीखी नाराज़गी जताई।सदस्यों का कहना था कि लंबे समय से उनके वार्डों में सड़क, नाली,पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य लंबित पड़े हैं,लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट का सही तरीके से उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बैठक के दौरान स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि कुछ समय के लिए कार्यवाही बाधित करनी पड़ी। कई सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा और जल्द से जल्द विकास कार्य शुरू कराने की मांग की।वहीं प्रशासन की ओर से अधिकारियों ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।इस पूरे घटनाक्रम के बाद यह साफ है कि जिले में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार को लेकर जनप्रतिनिधियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस विरोध के बाद कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और जनता को राहत दिलाने में कितना सफल होता है।

## आईजीआरएस शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर लेखपाल निलंबित, कानूनगो लव प्रसाद द्विवेदी को प्रतिकूल प्रविष्टि

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने ग्राम कोडर के लेखपाल मानसिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।लेखपाल मानसिंह द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप आई.जी.आर.एस. के अंतर्गत प्राप्त शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही कानूनगो लव प्रसाद द्विवेदी को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी गई है जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

**फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक निर्देश**

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 06.04.2026 को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

# सीडीओ ने की जिलास्तरीय निगरानी समिति की बैठक

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत गठित जिलास्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने वित्तीय वर्ष की वार्षिक कायेयोजना पर चर्चा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलम्ब न हों। उनके द्वारा राज मिस्त्रियों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि पूर्व में समस्त विकास खण्डों में राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। वर्कशॉप/प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से लाभार्थियों को अवगत कराया जाए कि आवास का निर्माण प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों से ही कराएं, जिससे मानक के अनुरूप आवासों का निर्माण हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रचार-प्रसार को और अधिक सशक्त बनाया जाय, जिससे अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों तक योजना




की जानकारी पहुंच सकें। उन्होंने विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर कन्वर्जेंस के माध्यम से आवासों को सभी मूलभूत सुविधाओं (जैसे-शौचालय, पेयजल,विद्युत,गैस कनेक्शन आदि) से संतृप्त करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 में पात्र लाभार्थियों का जॉब कार्ड एक सप्ताह के अन्दर प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत फीड कराएं,ताकि भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्रामसभा की बैठक कराकर स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार हो सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध प्रगति लाना सुनिश्चित करें ब्लाक प्रमुख मंझनपुर, सरला राय द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार होने के पश्चात समस्त ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर पात्र लाभार्थियों की सूची चस्पा की जाय, जिससे लाभार्थियों को इधर-उधर भटकना न पड़े।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास,परियोजना निदेशक मनोज कुमार वर्मा,वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह, डी0पी0आर0ओ0 अनिल कुमार सिंह, डी0एस0ओ0 मंगेश कुमार मौर्य एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत रामकुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर 8 महीने पहले शुरू हुई जांच पूरी नहीं कर सके जांच अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**तो फिर विभागीय अधिकारियों का रैकेट सरकारी रकम के घोटाले में गिरोह बनकर है शामिल**

**फजी तरीके से निस्तारण किए जा रहे हैं आइजीआरएस फरियादियों को नहीं मिल रहा न्याय**

**करोड़ों के घोटाले की शिकायत पर जांच अधिकारी नियुक्त कर निस्तारित कर दिया गया आइजीआरएस**

**कौशांबी।** जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के बजाय शिकायत का निस्तारण कर सरकार की नजरों में भले ही वाहवाही लूटी जा रही हो लेकिन हकीकत यह है कि शिकायतों के निस्तारण में आम जनता को न्याय नहीं मिल रहा है बढ़ते भ्रष्टाचार में विभागीय अधिकारी शामिल है और विकास योजना के नाम पर योजना से जुड़े लोग कमीशन और भ्रष्टाचार में शामिल है भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद भी मामले का निस्तारण नहीं होता है भ्रष्टाचार करने वालों को दंड नहीं मिलता बल्कि शिकायत करने वाले के आइजीआरएस की शिकायत का फजी तरीके से निस्तारण कर दिया जाता है जिससे विभागीय अधिकारियों की भी भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हैं ताजा मामला मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सैय्यद सरावां से जुड़ा है जहां करोड़ों के घोटाले की शिकायत ग्रामीणों ने की भ्रष्टाचार की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल नंबर 200 174 2 4007460 पर गांव को लोगों ने दर्ज कर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को दंडित किए जाने की मांग की शिकायत के बाद 9 अगस्त 2025 को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया और इसी पत्र को आधार मानकर पूरे भ्रष्टाचार कि शिकायत को आईजीआरएस में निस्तारण कर दिया जिससे आईजीआरएस में शिकायत निस्तारित हो गई लेकिन गांव के भ्रष्टाचार की जांच नहीं पूरी हुई 17 दिसंबर 2025 को जांच अधिकारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने खंड विकास अधिकारी मूरतगंज को पत्र लिखकर अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया लेकिन साढ़े तीन महीने बीत जाने के बाद खंड विकास अधिकारी ने जांच अधिकारी को अभिलेख नहीं उपलब्ध कराए हैं धीरे-धीरे समय 8 महीने बीत गए लेकिन दोषियों पर तो कार्यवाही नहीं हुई और जांच को लटकाने वाले जांच अधिकारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई इतना ही नहीं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा इनको जांच अधिकारी 9 अगस्त 2025 को नियुक्त किए जाने के बाद 5 महीने तक तो पूरे प्रकरण को रद्दी में डाल दिया था और 5 महीने बाद 17 दिसंबर 2025 को खंड विकास अधिकारी से अभिलेख मांगे जिससे जांच अधिकारी की भी भूमिका पर सवाल खड़े हैं अब सवाल उठता है कि आईजीआरएस में शिकायत का फजी निस्तारण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है जांच अधिकारियों द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है जांच के दौरान सरकारी अभिलेख जांच अधिकारी को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं तो यह कहा जा सकता है कि सरकारी रकम के घोटाले में अधिकारियों का रैकेट गिरोह बनकर शामिल है दोषियों को दंड न मिलने और शिकायत का निस्तारण न होने जांच अधिकारी को

## सम्पादकीय

### क्या हम असभ्य और क्रूर होते जा रहे हैं!

**जब** कोई घटना दो अलग-अलग संप्रदाय या जाति के लोगों के बीच होती है। सवाल ये भी है बल्कि असल सवाल यही है कि हम इतने संकीर्ण, असंवेदनशील और आक्रामक क्यों हो गये हैं। क्या बीते बरसों में अलग-अलग बहानों से भड़काई गई भावनाओं ने हमारे भीतर सोये हुए राक्षस को जगा दिया है। कहीं ऐसा तो नहीं कि जो आग दूसरों के लिये लगाई गई, वह हमें ही झुलसाने लगी हो और हमें उसका अहसास भी न हो। न्याय, शिक्षा, सुरक्षा, समानता, शिष्टाचार, परस्पर विश्वास और करुणा- सभ्य कहलाने वाले किसी भी समाज की पहचान होते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो किसी समाज को सभ्य कहलाने का अधिकार तभी है जब वह इन मूलभूत तत्वों से परिपूर्ण हो। दुर्भाग्य से विश्व गुरु होने के आकांक्षी और अपने संस्कारों पर इतराने वाले भारतीय समाज से ये तत्व विलुप्त होते जा रहे हैं और ऐसा लग रहा है जैसे हम आदिम युग की ओर लौट चले हैं। गौतम बुद्ध, महावीर, गुरुनानक, कबीर और गांधी के देश में चारों तरफ तेजी से बढ़ रही बेहूदा और आपराधिक घटनाएं ये सोचने के लिये मजबूर करती हैं कि क्या हम असभ्य और क्रूर होते जा रहे हैं। चिंता का विषय यह भी है कि आने वाले समय में हमारे देश और समाज की तस्वीर कैसी होगी। हाल के कुछ उदाहरण इस बात को समझने में सहायक हो सकते हैं। अक्तूबर में गुरुग्राम में एक रात चलती कार की पिछली सीट पर बैठे युवक ने अचानक दरवाजा खोलकर सड़क पर पेशाब करना शुरू कर दिया तो फरीदाबाद में भी एक व्यस्त सड़क पर एक शख्स ने अपनी कार रोकी और बीच सड़क पर बिना किसी शर्म या झिझक के लघुशंका निवारण किया। इसी तरह पुणे में भी एक ट्रैफिक सिग्नल पर एक युवक का बीएमडब्ल्यू से उतरकर पेशाब करने का वीडियो वायरल हुआ था। युवक के साथ कार में उसका दोस्त शराब की बोतल लेकर बैठा हुआ था। एक वीडियो ऐसा भी देखने में आया जिसमें एक महिला ने अपने बच्चे को नारियल के खाली खोल में पेशाब करवाया और चलती कार से उसे सड़क पर फेंक दिया। मजे की बात यह कि वीडियो, महिला के पति ने ही बनाया। नवंबर 2022 में न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के बड़े अधिकारी ने एक वृद्ध महिला पर पेशाब कर दी थी, नतीजतन उसे न केवल अपनी नौकरी गंवानी पड़ी बल्कि जेल की हवा भी खाना पड़ी। लेकिन तीन साल बाद फिर दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली उड़ान में वैसी ही घटना हुई। मार्च की शुरूआत में मुंबई से जयपुर जा रहा एक यात्री ने हवाई अड्डे के प्रतिबंधित क्षेत्र में सिगरेट पीते दिखाई दिया तो वहां मौजूद एक कर्मचारी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उसे रोकने की कोशिश की। अपनी गलती मानना तो दूर, उस यात्री ने एयरलाइन कर्मचारियों से बहस करना शुरू कर दिया। इस घटना के वायरल वीडियो में वह उन कर्मचारियों पर ही धुआं छोड़ते और बार-बार धूम्रपान निषेध नियम का सबूत मांगते हुए भी दिखाई दे रहा है। उसने सुरक्षा कर्मियों को भी अपशब्द कहे और अपनी कमाई को लेकर शेखी बघारी। इससे पहले फरवरी में अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली जिले के एक रिजॉर्ट में बाहर का खाना और शराब लाकर खाने-पीने की मनाही के बावजूद गुजरात से आये एक पर्यटक परिवार ने मनमानी की।

# एआई 171 विमान दुर्घटना : सच के साथ न हो समझौता

**एस रघोत्तम**

**बोइंग** के कई व्हिसलब्लोअर्स ने कांग्रेस की गवाही और कोर्ट में दायर दस्तावेजों में बोइंग 787 विमानों में कई मैन्युफैक्चरिंग खामियों का खुलासा किया है। ये खामियां खास तौर पर शुरूआती बैचों में थीं, जिनमें से एक विमान वीटी-एएनबी (विमान एआई171) एयर इंडिया को मिला था। इन खामियों में स्ट्रक्चरल गैप, जबरदस्ती फिट करने वाली असेंबली के तरीके और टॉयलेट से रिसकर इलेक्ट्रिकल बे में जाने वाला पानी शामिल है।

जून 2025 में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया 171(एआई 171) विमान हादसे की स्वतंत्र, कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग सुप्रीम कोर्ट में अटकी हुई है क्योंकि भारत के सॉलिसिटर जनरल, तुषार मेहता के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन बोर्ड (एएआईबी) की जांच पर एक प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा करने का कोर्ट इंतजार कर रहा है। 11 फरवरी को मेहता ने अगली सुनवाई में रिपोर्ट जमा करने का वादा किया था, जिसके बाद कोर्ट ने 24 मार्च की तारीख दी थी। कोर्ट और देश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं। क्या सरकार जान-बूझकर देरी कर रही है, जब तक कि वह एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक न कर दे और इस तरह ऐसी स्थिति न बना दे कि स्वतंत्र जांच की मांग बेमानी हो जाए?

दिलचस्प यह है कि सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन से एक दिन पहले एविएशन में विशेषज्ञता रखने वाले पत्रकार लियोनार्ड बबेरी की एक दिलचस्प रिपोर्ट इटली के अखबार 'कोरिएरे डेला सेरा' में छपी थी। क्रैश के बाद से बबेरी ने 'अनाम पश्चिमी सूत्रों' का हवाला देते हुए लगातार कई खबरें चलाई हैं जिनमें एक ही बात पर जोर दिया गया है- यह क्रैश पायलट की जान-बूझकर की गई कार्रवाई का नतीजा था। बबेरी की 10 फरवरी की रिपोर्ट का दावा था कि एएआईबी को दबाव और भारत की एयरलाइंस की सुरक्षा के स्तर के फिर से मूल्यांकन की 'पश्चिमी' धमकियों के चलते उसी राय पर आने के लिए मजबूर होना पड़ा था जिसे उनके सूत्रों के अनुसार 'वांछित मोड़' कहा गया था। बबेरी के सूत्रों ने उन्हें बताया कि यह निष्कर्ष भारत में उच्चतम स्तर पर ' राजनीतिक मूल्यांकन' के अधीन होगा। खबरों के मुताबिक एएआईबी अधिकारियों ने अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ इस बात पर भी चर्चा की थी कि अंतिम रिपोर्ट को इस तरह कैसे लिखा जाए कि उससे 'राष्ट्रीय विवाद' न खड़े हों। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' में पहले लीक हुई खबरों के साथ मिलाकर देखें तो साफ है कि यह जांच कभी भी सिर्फ यह पता लगाने के बारे में नहीं थी कि एआई 171 के साथ क्या हुआ था। यह अब भारत और अमेरिका के बीच भू-राजनीतिक सत्ता संघर्ष का एक हिस्सा बन गई है।

एएआईबी की जुलाई 2025 की शुरूआती रिपोर्ट में इस तनाव की झलक साफ दिख रही थी। इसमें एआई 171 क्रैश की पूरी घटना का क्रम बताया गया था- टेक-ऑफ के तीन सेकंड बाद दोनों फ्यूल स्विच एक-दूसरे के एक सेकंड के अंदर ही 'रन' से 'कट-ऑफ' मोड में चले गए जिससे इंजनों को फ्यूल मिलना बंद हो गया और विमान क्रैश हो गया। इसके बाद रिपोर्ट में बातचीत का एक दिलचस्प हिस्सा भी शामिल किया गया जिसमें एक पायलट दूसरे से पूछता है- 'तुमने फ्यूल क्यों काटा?' और दूसरा जवाब देता है- 'मैंने ऐसा नहीं किया।' रिपोर्ट में फ्यूल स्विच के बारे में 2018 की अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन



एडवाइजरी का भी जिक्र किया गया था जिससे संकेत मिलता था कि इन स्विच में पहले से ही एक जानी-पहचानी, अनसुलझी समस्या मौजूद थी। यह जान-बूझकर किया गया हो या नहीं, पर नतीजा यह हुआ कि सबका ध्यान फ्यूल स्विच और पायलटों के कामों पर चला गया। साथ ही इतना शक भी पैदा कर दिया गया कि किसी ठोस नतीजे पर पहुंचना मुमकिन न हो सके।

बोइंग के कई व्हिसलब्लोअर्स ने कांग्रेस की गवाही और कोर्ट में दायर दस्तावेजों में बोइंग 787 विमानों में कई मैन्युफैक्चरिंग खामियों का खुलासा किया है। ये खामियां खास तौर पर शुरूआती बैचों में थीं, जिनमें से एक विमान वीटी-एएनबी (विमान एआई171) एयर इंडिया को मिला था। इन खामियों में स्ट्रक्चरल गैप, जबरदस्ती फिट करने वाली असेंबली के तरीके और टॉयलेट से रिसकर इलेक्ट्रिकल बे में जाने वाला पानी शामिल है। इसके अलावा बोइंग 787 से जुड़ी घटनाओं का भी एक इतिहास रहा है : बैटरी में आग लगना, कंट्रोल फेल होना, बिजली की खराबी, ईंधन का रिसाव, बिना किसी निर्देश के आरएटी (रैम एयर टर्बाईन) का खुल जाना, सिस्टम का अपने आप एक्टिवेट हो जाना (जिसमें टीसीएमए भी शामिल है) और यहां तक कि ईंधन स्विच से जुड़ी समस्याएं भी।

जनवरी में बोइंग के पूर्व मैनेजर और फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी के संस्थापक एड पियर्सन ने यूएस सीनेट कमेटी को वीटी-एएनबी के फॉल्ट लॉग और मेंटेनेंस हिस्ट्री पर एक स्टडी सौंपी। इससे पता चला कि विमान में पहले दिन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर में खराबी, सर्किट ब्रेकर ट्रिप, वायरिंग में नुकसान, शॉर्ट सर्किट, पावर में उतार-चढ़ाव और ओवरहीटिंग जैसी दिक्कतें थीं। 2022 में उड़ान के दौरान आग लगने से इसका एक पावर डिस्ट्रीब्यूशन पैनल पूरी तरह जल गया था। पत्रकार रचेल चित्रा की खोजी रिपोर्टिंग से सामने आया कि क्रैश से 72 घंटे पहले विमान में अनेक तकनीकी खराबियों की शिकायतें मिली थीं। इनमें क्रैश वाले दिन अहमदाबाद में सेंसर में खराबी के कारण हुई 'हार्ड लैंडिंग' की घटना भी शामिल थी। एएआईबी की शुरूआती रिपोर्ट में जिक्र है कि विमान चार एक्टिव फॉल्ट के साथ उड़ान भर रहा था जिसमें 'कोर नेटवर्क डिग्रेडेशन' (मुख्य नेटवर्क में खराबी) भी शामिल था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले 'सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन' के कैप्टन अमित सिंह ने अपनी जनहित याचिका में खुलासा किया कि उड़ान भरने से ठीक 15 मिनट पहले विमान की दोनों 'बस पावर कंट्रोल यूनिट्स' में खराबी की शिकायत मिली थी। इसके बावजूद विमान को उड़ान की अनुमति दी गई।

सभी पक्षों की ओर से बोइंग के लिए, जो अभी भी बोइंग 737 मैक्स संकट से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है, किसी और 'प्रणालीगत विफलता' का पता चलना विनाशकारी हो सकता है।

परिणाम जो हो, एयर इंडिया को नुकसान तो होगा ही- चाहे दुर्घटना प्रणालीगत और रखरखाव की कमियों के कारण हुई हो या पायलट की गलती से। भू-राजनीतिक दृष्टि से बोइंग के खिलाफ कोई भी निष्कर्ष भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव पैदा कर सकता है जो पहले से ही एक नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। भारत को डोनाल्ड ट्रम्प से भी निपटना होगा जो खुद को बोइंग का 'सबसे अच्छा सेल्समैन' कहते हैं और जिन्होंने अपने व्यापार समझौतों की बातचीत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बोइंग खरीदने के लिए मजबूर किया है। लोग खुद ही इस बात पर अपनी राय बनाएंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव का सामना किया या झुक गए।

पूरी दुनिया देख रही है कि क्या भारत अपने हितों की रक्षा और अपने नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में सक्षम है? इसलिए, एआई171 मामले में सच्चाई का सामने आना भारत के राष्ट्रीय हित में है। भारत का यह दायित्व उन 260 लोगों और उनके परिवारों के प्रति भी है जिनकी हादसे में मृत्यु हो गई।

# दंड से सुधार की ओर विश्वास आधारित न्यायिक यात्रा

**-ललित गर्ग-**

**भारत** की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था, अनुशासन, सुधार और विश्वास का वातावरण बनाना भी होता है। इसी दृष्टि से भारत सरकार द्वारा लाया गया जन विश्वास विधेयक 2026 पहले लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी पारित होने से इसके कानून के रूप में अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था, अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। निश्चित ही इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, भारतीय कानूनी परिवेश की एक उजली भोर है। निश्चित तौर यह कानून दंडात्मक व्यवस्था से सुधारात्मक व्यवस्था की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसमें लगभग 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन कर 784 प्रविधानों में संशोधन किये गये हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इससे अदालतों में मुकदमों का बोझ और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुमार्ने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुमार्ना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के





कारण दंडित होने के दबाव में भयभीत रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे। भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे ह्लन्यूनतम सरकार, अधिकतम शासनह्व की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है। इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे, जिससे उद्यमियों और निवेशकों में भय का वातावरण रहता था। अब आर्थिक दंड के प्रावधान से अनुपालन का बोझ कम होगा और व्यापार करने में आसानी होगी। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा भारत में निवेश का वातावरण और बेहतर बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि एक सरल और निवेश अनुकूल देश के रूप में मजबूत होगी। इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी भावना भारतीय संस्कृति के बहुत निकट दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में दंड से अधिक सुधार, प्रतिशोध से अधिक क्षमा और अपराध से अधिक परिमार्जन की परंपरा रही है। हमारे शास्त्रों और परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे सुधार का अवसर मिलना चाहिए। छोटी-छोटी गलतियों के लिए कठोर दंड देना न्याय नहीं, बल्कि अन्याय की श्रेणी में आ सकता है। इस दृष्टि से यदि कानून व्यवस्था में क्षमा, सुधार और परिमार्जन की व्यवस्था हो, तो समाज अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। भारत की संस्कृति दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और समन्वयवादी रही है। जन विश्वास विधेयक इसी भावना को आधुनिक कानूनी व्यवस्था में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है। यह कानून विश्वास आधारित शासन की ओर अग्रसर होने के साथ मेरा भारत महान- का उद्घोष है। यह कानून सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला भी है। जब सरकार नागरिकों को अपराधी मानने

# विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम: सुरक्षा बनाम स्वतंत्रता

**– अरूण डनायक**

**यह** विधेयक सकारात्मक कदम है जो किसी भी धार्मिक समुदाय के खिलाफ नहीं है और केवल गैर-कार्यशील संस्थाओं की परिसंपत्तियों के प्रबंधन पर लागू होगा। सक्रिय संस्थाओं के अधिग्रहण को सरकार ने अफवाह बताया। मंत्रियों ने यह भी दावा किया कि नए प्रावधानों के तहत अपील का अधिकार मिलने से एफसीआरए लाइसेंस एक कानूनी अधिकार बन जाएगा।

विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) की शुरूआत 1976 में उस समय हुई थी जब भारत सरकार ने पहली बार यह महसूस किया कि विदेशी धन का उपयोग देश की राजनीति, सामाजिक ढांचे और नीतिगत प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है। बाद में 2010 में इसे एक नए और व्यापक स्वरूप में लागू किया गया, जिसमें पंजीकरण, निगरानी और उपयोग से जुड़े नियम स्पष्ट किए गए। इसके बाद कई संशोधन किए गए ताकि नियंत्रण सख्त हो, पारदर्शिता बढ़े और विदेशी धन के दुरुपयोग को रोका जा सके। इस कानून का मूल उद्देश्य विदेशी स्रोतों से आने वाले धन को नियंत्रित करना था ताकि राष्ट्रीय हित और संप्रभुता सुरक्षित रहें, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध गतिविधियों को रोका जा सके, गैर सरकारी संगठनों में




पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़े, और संवेदनशील वर्गों जैसे चुनाव उम्मीदवार, पत्रकार और आन्दोलनकारियों को विदेशी फंडिंग से दूर रखा जा सके। वर्तमान में लगभग 16,000 संगठन इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हैं और उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 22,000 करोड़ रुपये का विदेशी अंशदान प्राप्त होता है। यही कारण है कि सरकार इसे संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्र मानती है। कई महत्वपूर्ण प्रावधानों के साथ 25 मार्च 2026 को लोकसभा में प्रस्तुत संशोधन का सबसे प्रमुख तत्व 'नामित प्राधिकरण' की स्थापना है, जो पंजीकरण रद्द या नवीनीकरण न होने वाली संस्थाओं की विदेशी निधियों और परिसंपत्तियों का प्रबंधन करेगा। यदि कोई संस्था समय पर नवीनीकरण नहीं कराती या आवेदन अस्वीकृत हो जाता है, तो उसका पंजीकरण स्वतः समाप्त हो जाएगा और परिसंपत्तियां अस्थायी रूप से प्राधिकरण के नियंत्रण में चली जाएगी। ऐसे हालात में ये परिसंपत्तियां स्थायी रूप से सरकार के नियंत्रण में आ सकती हैं, जिन्हें बेचा जा सकता है और राशि भारत की संचित निधि में जमा की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त, विदेशी धन के उपयोग के लिए निश्चित समय-सीमा तय करने का प्रावधान है, ताकि धन का अनिश्चितकाल तक संचय न हो सके। निलंबन की स्थिति में कोई भी संस्था अपनी परिसंपत्तियों को बिना अनुमति बेच या स्थानांतरित नहीं कर सकेगी। जांच प्रक्रिया को केंद्रीकृत किया जाएगा, जिसके तहत किसी भी एजेंसी को जांच शुरू करने से पहले केंद्र सरकार की अनुमति लेनी होगी। 'मुख्य पदाधिकारी' की परिभाषा विस्तारित कर निदेशक, ट्रस्टी और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह बनाया गया है। दंड को नरम करते हुए अधिकतम सजा पांच वर्ष से

## बार एसोसिएशन ने राजस्व न्यायालयों के बहिष्कार को किया समाप्त

**सुलतानपुर-कादीपुर** तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक में उनकी मांगे पूरी हो जाने के चलते न्यायिक कार्य बहिष्कार को वापस ले लिया गया। जिसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय के अधिकारियों उपजिलाधिकारी, तहसीलदार,नायब तहसीलदार,चकबन्दी अधिकारियों को कार्य बहिष्कार समाप्त किए जाने की सूचना भी भेजा गया।तहसील परिसर में तमाम अव्यवस्थाओं जिसमें तहसील परिसर में मोटरसाइकिल स्टैंड के न रहनें से अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े कर दिए जाने से आवागमन के रास्तों के अवरुद्ध होने, तहसीलदार




न्यायालय की दर्जनों फाइलों के गायब हो जाने, शौचालय के जीर्णोद्धार करने आदि मांगों को लेकर बार एसोसिएशन नें लगभग दस दिनों से तहसील न्यायालयों का कार्य बहिष्कार किया था व अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरत रहे।

उक्त समस्त मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी गम्भीर हुए तथा मांग के अनुसार व्यवस्थाओं को पूरा कराया गया।

## ट्रक चालक प्रदीप यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सुल्तानपुर। नगर** कोतवाली क्षेत्र के पयागीपुर चौराहे के पास 400 केवी पावर हाउस के निकट ट्रक चालक प्रदीप यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चालक का शव ट्रक में बगल की सीट पर पड़ा मिला,जबकि उसके सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं।घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।बताया जा रहा है कि प्रदीप यादव बहराइच से प्रयागराज के लिए ट्रक लेकर निकले थे। जीपीएस के माध्यम से अनहोनी की आशंका होने पर प्रयागराज निवासी ट्रक मालिक संजय खत्री ने पुलिस को फोन कर सूचना दी।सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूचना मिलते ही



पुलिस अधीक्षक चारू निगम और सीओ सिटी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर कैश लूट का माना जा रहा है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।एसपी चारू निगम ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए एसओजी सहित कई टीमों का गठन किया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## किशोरी के अपहरण व धमकी के आरोपी की जमानत खारिज

**सुलतानपुर। किशोरी** के अपहरण व धमकी के आरोप से जुड़े मामले में स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव की अदालत में आरोपी विशाल धुरिया की जमानत अर्जी पर बहस हुई। स्पेशल जज ने अपराध की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। कोतवाली देहात थाने के एक गांव के रहने वाले वादी मुकदमा ने गत पांच अगस्त की घटना बताते हुए अज्ञात के खिलाफ स्थानीय थाने में अपनी 14 साल की पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के दौरान पीड़िता किशोरी की बरामदगी हुई तो उसने लम्भुआ थाने के एक गांव के रहने वाले आरोपी विशाल धुरिया का नाम सामने लाया और पुलिस की जांच मे आरोपी के जरिये किशोरी के अपहरण व धमकी समेत अन्य आरोप की पुष्टि हुई। मामले मे आरोपी विशाल धुरिया ने कुछ दिनों पूर्व अग्रिम जमानत याचिका पेश किया था,जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। अदालत ने अपराध की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी विशाल धुरिया की नियमित जमानत अर्जी भी खारिज कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सिद्धपुर मे लगे कैंप में फार्मर रजिस्ट्री का किया औचक निरीक्षण



### फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने और पंचायत भवन के सुदृढ़ीकरण के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा सोमवार को विकासखंड कर्वी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिद्धपुर में हो रहे फार्मर रजिस्ट्री का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व कार्यों और सचिवालय की व्यवस्थाओं का सघन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि ग्राम पंचायत सिद्धपुर के लिए निर्धारित 328 के लक्ष्य के सापेक्ष 44 फार्मर रजिस्ट्री अभी अवशेष हैं। इस पर डीएम ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निर्देशित किया। मौके पर उपस्थित लेखपाल को आधार अप्रूवल की प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण करने तथा लंबित नाम संशोधनों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं प्रतिदिन फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। किसानों से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें कैंप में आमंत्रित किया जाए ताकि शत-प्रतिशत रजिस्ट्री अतिशीघ्र पूर्ण हो सके। जिन व्यक्तियों के पास भूमि उपलब्ध नहीं है, उन्हें अपात्र घोषित करते हुए उनकी सूची उपनिदेशक कृषि को प्रेषित की जाए ताकि अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि फार्मर रजिस्ट्री न होने की स्थिति में संबंधित कृषक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उर्वरक सब्सिडी व अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएंगे।

जिलाधिकारी द्वारा पंचायत सचिवालय के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे का भी निरीक्षण किया गया। सचिवालय की बाउंड्रीवॉल का कार्य भूमि विवाद के कारण बाधित होने पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही लेखपाल, सचिव और ग्राम प्रधान को आपसी समन्वय से तत्काल निस्तारण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

लाइब्रेरी हॉल छोटा होने की समस्या पर उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान में ग्राम प्रधान कक्ष में कुर्सियों की व्यवस्था कर वैकल्पिक रूप से पुस्तकालय का संचालन शुरू किया जाए। अन्नपूर्णा भवन में बने रैंप के मानक के अनुरूप न होने पर सचिव को निर्देशित किए कि उसे तत्काल ठीक कराने तथा परिसर में मिट्टी भराई कराकर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रधान, सचिव और लेखपाल को संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही, ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत में मुनादी कराने का भी निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पूजा साहू, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, ग्राम प्रधान रामकिंकर सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बदहाल संपर्क मार्ग के मुद्दे को लेकर शुरू हुआ अनशन




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ़ अशोक चैराहा से दूबी सड़क मार्ग बनवाए जाने के मुद्दे को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने धरना दिया साथ ही काम शुरू न होने पर आंदोलन तेज करने की धमकी दी। गाहुर गांव के समाजसेवी साकेत बिहारी शुक्ला, अधिवक्ता रामचन्द्र ओझा और बरगढ़ के युवा समाजसेवी आकाश द्विवेदी ने बताया कि बरगढ़ अशोक चैराहे से दूबी सड़क मार्ग लगभग दस वर्षों से जर्जर अवस्था में है। शासन द्वारा इस सड़क को बनावाए जाने के लिए धनराशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। साथ ही निर्माण कार्य के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को अधिकृत कर दिया गया है। इसके बावजूद अब तक काम नहीं शुरू हुआ है। इसकी सूचना ग्रामीण कई बार विभागीय अधिकारियों को दे चुके है, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसी मजबूरी में उन लोगों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। मांगें पूरी न होने पर वह लोग आंदोलन तेज कर देंगें।

इस मौके पर संजय पांडेय, अजय मिश्रा, पंकज द्विवेदी, पूरन द्विवेदी, प्रभात पांडेय, विपिन पांडेय, अशोक मौर्या, अरविन्द्र पांडेय व सुरेश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई जागरुकता रैली




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा स्कूल चलो अभियान की शुरूआत 4 अप्रैल 2022 को श्रीवस्ती जिले से की गई थी। जिसका उद्देश्य प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। यह अभियान हर साल नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत में चलाया जाता है। इस सत्र में भी यह अभियान अप्रैल माह में वाराणसी से शुरू किया गया है।

सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप मे भी प्रधानाचार्य गया प्रसाद बौद्ध के नेतृत्व मे क्षेत्र मे रैली निकालकर शिक्षा के महत्व को रैली के माध्यम से घर घर संदेश पहुंचाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, ग्राम प्रधानपति शम्भू सिंह चंदेल, डॉ. सी.एल. भारतीय, समाजसेवी नागेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि लोग मौजूद रहे।

# आबकारी टीम की छापेमारी से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा मंदाकिनी नदी किनारे थाना कर्वी अंतर्गत ग्राम टिकुरा में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई तथा संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 600 किलोग्राम लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही विधिपूर्वक नष्ट कर दिया गया। साथ ही दबिश के दौरान 45 लीटर अवैध शराब जब्त करके संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 2 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के व्यापार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# आदिवासी समुदाय के बच्चों को शिक्षा के प्रति करेंगें जागरुक

**चित्रकूट।** जनपद के बीहड़ जंगलों में रहकर जीवन यापन करने वाले आदिवासी समुदाय के अति पिछड़े बच्चों को शिक्षा, खेल और दैनिक जीवन जागरूकता के लिए प्रयास सामाजिक संगठन के व्यक्तित्व निर्माण पाठशाला का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पाठशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। पाठशाला के शुभारंभ के साथ आदिवासी बच्चों को स्कूल बस्ता, कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, कैरम बोर्ड सहित मिठाई वितरित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संस्था की कार्यशाला के नेक उद्देश्य के लिए सराहना करते हुए आदिवासी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने की बात कही साथ ही यह विश्वास दिलाया की आदिवासी समाज के इन बच्चों में जो भी पढ़ाई के प्रति रुचि दिखाएगा उसे केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए वह स्वंम पूरा प्रयास करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने आदिवासी बच्चों के परिजनों को भी जागरूक करते हुए कहा की आप लोग नशे से दूर रहें। आप जंगल से जीवन यापन करते है मगर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आपको भी जागरूक होना जरूरी है। बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना भी आपकी जिम्मेदारी है। प्रयास सामाजिक संगठन के केंद्रीय इकाई अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा की संस्था द्वारा जंगल के अंदर आदिवासी पाठशाला निश्चित रूप से समाज के इस वंचित बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जो हर वंचित और पिछड़े को ऊंचाइयों पर लेकर जाती है। आदिवासी समाज के मुखिया वैध कुंज बिहारी ने इस मौके पर खुशी जताते हुए सभी का आभार जताया। इस मौके पर प्रयास संगठन अध्यक्ष सहित संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिला इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा व स्वालंबन के प्रति किया गया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल के लिए जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। जिसमें जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल कॉलेज व वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न वर्ग के बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों आदि में चैपाल कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता व शिकायत निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया।



इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुए उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं व बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओं एवं बालिकाओं का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदों व मनचलों के द्वारा आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद मनचलों को हिदायत कार्यवाही की जाती है।

# 48 घंटे बाद कहर टूट पड़ेगा, होर्मुज नाकेबंदी पर ट्रंप की ईरान को धमकी




**अमेरिका**
**समय** तेजी से बीत रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अपने नवीनतम हमले में चेतावनी दी है कि अगर तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की उनकी समय सीमा का पालन नहीं करता है, तो उन पर कहर टूट पड़ेगा। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था? समय तेजी से बीत रहा है - 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा। ईश्वर की महिमा हो! इससे पहले, ईरान के साथ चल रही बातचीत के बारे में आशावाद व्यक्त करने के बाद, ट्रम्प ने महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग को फिर से खोलने की समय सीमा को 10 दिनों के लिए बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दिया था।
ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। वहीं, ईरान ने लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के एफ-15ई स्ट्राइक ईगल नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और कम से कम एक पायलट अब भी लापता है। क्षेत्र में गत छह सप्ताह से जारी युद्ध में पहली बार है जब अमेरिका ने ईरानी क्षेत्र में अपने लड़ाकू विमान को खोया है और यह अभियान में एक नया मोड़ साबित हो सकता है। इजराइल और अमेरिका द्वारा शनिवार को ईरान पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले जारी रहे। वहीं, ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमले में दुबई स्थित अमेरिकी तकनीक दिग्गज कंपनी ओरेकल के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की खबर है। सैन्य विमानों को ईरान द्वारा मार गिराए जाने की खबर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा राष्ट्र को संबोधित किए जाने के दो दिन बाद आई है।
ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका ने ह्वह्वईरान को हरा दिया है और उसे पूरी तरह से तबाह कर दिया है तथा हम अपने काम को बहुत तेजी से पूरा करने जा रहे हैंह्लह्ल इस बीच, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा संगठन (आईएईए) ने शनिवार को जानकारी दी कि ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र के पास किए गए हवाई हमले में एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई और एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। युद्ध के दौरान यह चौथी बार है जब इस संयंत्र को निशाना बनाया गया है।


# F-15 गिराने के बाद ईरान रानका बड़ा दांव, लापता US Pilot को पकड़ने पर रखा भारी इनाम



**ईरान**
**आईआरजीसी** द्वारा अमेरिकी विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए अमेरिकी पायलट को खोजने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। तेहरान अब लोगों से खोज में सहयोग करने की अपील कर रहा है और इनाम की घोषणा भी कर रहा है। ईरान ने कहा कि शुक्रवार को हुए हमले में दो विमानों में से एक अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल भी शामिल था। हमले में एक सैनिक को बचा लिया गया, जबकि कम से कम एक अभी भी लापता है। यह युद्ध के छठे सप्ताह में ईरानी क्षेत्र में अमेरिकी विमान के नष्ट होने की पहली पुष्ट घटना है और यह अभियान में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। व्हाइट हाउस या पेंटागन दोनों में से किसी ने भी दुर्घटनाग्रस्त विमान के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को शुरू किए गए इस संघर्ष के क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रभाव पड़े हैं। हजारों लोग मारे गए हैं, वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, प्रमुख समुद्री मार्ग प्रभावित हुए हैं और ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं।
विमान को गिराए जाने की घटना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राष्ट्र को संबोधित करते हुए यह कहने के ठीक दो दिन बाद हुई कि अमेरिका ने ईरान को हरा दिया है और पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और काम बहुत जल्द पूरा कर लेगा। अमेरिका और इजराइल ने हाल ही में यह भी दावा किया था कि ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली काफी हद तक नष्ट हो चुकी है।
अमेरिका और ईरान में अमेरिकी पायलट की तलाश जारी
जहां एक ओर अमेरिकी सेना लापता एफ-15ई पायलट की खोज और बचाव अभियान चला रही है,
वहीं ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने भी देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में पायलट की तलाश शुरू कर दी है।

# 'विफलता' की खबरों से बौखलाया पाकिस्तान , कहा- सब मनगढ़ंत और झूठा

**पाकिस्तान**
**पाकिस्तान** ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को सुगम बनाने की उसकी पहल प्रारंभिक प्रस्तावों के आदान-प्रदान के बाद बाधाओं में फंस गई है। इन खबरों को बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानी बताते हुए विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने इन्हें सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने मीडिया में और सोशल मीडिया पर भी, कई खबरें देखी हैं जिनमें तथाकथित सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और पाकिस्तान द्वारा शांति और संवाद को बढ़ावा देने के प्रयासों के बारे में बताया गया है। उन्होंने आगे कहा कि हम इन झूठे आरोपों को, जो कथित सरकारी सूत्रों के हवाले से लगाए गए हैं, पूरी तरह से बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानी मानते हुए खारिज करते हैं। इस संबंध में किसी भी तरह के सरकारी सूत्रों का हवाला देना गलत है।
इस्लामाबाद के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दी गई बंद कमरे की ब्रीफिंग के बाद बढ़ती अटकलों के बीच यह स्पष्टीकरण आया। अंद्राबी ने कहा कि विवाद शुक्रवार को विदेश मंत्रालय में आयोजित पृष्ठभूमि ब्रीफिंग की गलत व्याख्या से उत्पन्न हुआ। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते तनाव के समय इस बातचीत की रिपोर्टिंग के तरीके पर चिंता व्यक्त की। इसलिए हम सभी मीडिया प्लेटफॉर्मों से आग्रह करते हैं कि वे उचित सावधानी बरतें, अटकलों से बचें और सटीक एवं



समयोचित जानकारी के लिए केवल आधिकारिक रूप से जारी बयानों और मीडिया विज्ञप्तियों पर ही भरोसा करें।
रिपोर्टों में क्या कहा गया
पाकिस्तान स्थित डॉन और अमेरिका स्थित वॉल स्ट्रीट जर्नल सहित अन्य रिपोर्टों में कहा गया है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच संदेशों का आदान-प्रदान सहित कुछ प्रगति हुई है, लेकिन ईरानी पक्ष की ओर से स्पष्ट प्रतिक्रिया न मिलने के कारण गति धीमी हो गई है।
वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने इस्लामाबाद में किसी भी अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया है। डॉन की एक अन्य रिपोर्ट में, बातचीत से परिचित एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है, यह आश्चर्यजनक है कि नौसेना, वायु सेना और अन्य सैन्य एवं नागरिक बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण विनाश के बावजूद, ईरान ने बातचीत के आह्वान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# सिंध में दोगुनी महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता



**सिंध**
**अमेरिका**-ईरान संघर्ष के बीच ईंधन की कीमतों में कुछ ही हफ्तों में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी के बाद सिंध के राष्ट्रवादी नेतृत्व ने सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन का जोरदार आह्वान किया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस तीव्र वृद्धि से मुद्रास्फीति और जीवनयापन की लागत पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, सिंध यूनाइटेड पार्टी (एसयूपी) के अध्यक्ष सैयद जैन शाह ने नागरिकों से सड़कों पर उतरने का आग्रह करते हुए कहा कि हालिया मूल्य वृद्धि ने आम लोगों पर असहनीय बोझ डाल दिया है। उन्होंने मांग की कि सरकार या तो संघर्ष के बाद की गई बढ़ोतरी को वापस ले या इस्तीफा दे दे।
शाह ने इस बात पर जोर दिया कि बढ़ोतरी का पैमाना आर्थिक रूप से विनाशकारी है और जनता की सहनशीलता से परे है। उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से पेट्रोलियम उत्पादों पर सभी करों और शुल्कों को तुरंत समाप्त करने का आह्वान किया ताकि कीमतों को स्थिर किया जा सके। शाह ने सरकार के आर्थिक दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा कि नागरिकों को गलत नीतिगत निर्णयों के कारण नुकसान नहीं उठाना चाहिए।
इस बीच, कौमी अवामी तहरीक (कअत) के नेता अयाज लतीफ पालिजो ने पांच दिनों तक चलने वाले प्रांतव्यापी विरोध अभियान की घोषणा की।

# ईरान से मछुआरों की वापसी पर अर्मेनियाई बना संकटमोचक



**ईरान**
**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान से भारतीय मछुआरों को निकालने में मदद करने के लिए अपने अर्मेनियाई समकक्ष अरात मिर्जोयान का आभार व्यक्त किया। जयशंकर ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, भारतीय मछुआरों को आज ईरान से अर्मेनिया के रास्ते भारत लाने में मदद करने के लिए विदेश मंत्री अरात मिर्जोयान और अर्मेनिया सरकार का धन्यवाद। अर्मेनिया ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने में लगातार मदद कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 1,200 से अधिक भारतीय नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाल लिया गया है, जिनमें से 996 अर्मेनिया पहुंच गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह निकासी अर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते की जा रही है और केंद्र सरकार जमीनी स्तर पर प्रयासों का समन्वय कर रही है। जयसवाल के अनुसार, लगभग 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया है, जिनमें से 845 छात्र हैं। उन्होंने आगे कहा, 996 आर्मेनिया और 204 अजरबैजान चले गए हैं, जहां से विदेश मंत्रालय उनकी सहायता कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि मंत्रालय आर्मेनिया और अजरबैजान दोनों में भारतीय दूतावासों और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है।

# छात्रों की डिग्री और प्रोफेसरों की सैलरी अटकी

**सिंध**
**कायद**-ए-आजम विश्वविद्यालय के 1,200 से अधिक छात्र लंबे समय से चल रहे प्रशासनिक गतिरोध के कारण अपनी डिग्रियां प्राप्त करने में असमर्थ हैं, क्योंकि कुलपति का पद दो महीने से अधिक समय से खाली है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, नेतृत्व के अभाव में विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्य ठप हो गए हैं, जिससे प्रशासन और छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। डॉन के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि कुलपति के हस्ताक्षर अनिवार्य होने के कारण डिग्रियों का वितरण पूरी तरह से रुक गया है। एक अधिकारी ने बताया कि 1,200 से अधिक डिग्रियां लंबित हैं। इस रिक्ति के कारण सिंडिकेट और चयन बोर्ड की बैठकें भी बाधित हुई हैं, जिससे महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक निर्णय अनसुलझे रह गए हैं।
यह संकट तब शुरू हुआ जब पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. नियाज अहमद अख्तर ने 6 फरवरी को उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभालने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। तब से न तो स्थायी और न ही कार्यवाहक कुलपति की नियुक्ति हुई है, जिससे संस्थागत गतिरोध और गहरा गया है। छात्रों का कहना है कि इस देरी से उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है।
एक स्नातक ने बताया कि डिग्री न मिलने के कारण विदेश में उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करने की उनकी योजनाएँ ठप हो गई हैं। विभागों ने कथित तौर पर छात्रों को सूचित किया है कि कुलपति की नियुक्ति होने तक कोई भी दस्तावेज जारी नहीं किया जा सकता है। संकाय सदस्य भी गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। लगभग 150 अतिथि व्याख्याताओं को दो साल तक का वेतन नहीं मिला है। हालांकि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कुछ धनराशि जारी की गई थी, लेकिन अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की अनुपस्थिति के कारण भुगतान लंबित है।
विश्वविद्यालय वित्तीय अस्थिरता से भी जूझ रहा है। पिछले वर्ष घोषित 2 अरब पाकिस्तानी रुपये के राहत पैकेज में से अब तक केवल 5 करोड़ पाकिस्तानी रुपये ही वितरित किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सरकार से शेष धनराशि प्राप्त करने के लिए कुलपति की नियुक्ति आवश्यक है, जैसा कि डॉन ने बताया है।

# युद्ध का नया 'नॉर्मल': मिसाइलों के साये में मून मिशन की उड़ान

**ईरान**
कितनी मामूली हसरतें होती है एक साधारण आदमी की। मेहनत के पसीने से बरक्कत की दो रोटियां, गुजारे लायक छत, बच्चों को तालीम मिल जाए और सोते हुए खिड़कियों के कांच का टूट जाने का अंदेशा ना हो। डर न लगे घर से बाहर निकलते हुए कि जमीन और जन्नत के नाम पर उपजी दीवार चकनाचूड़ ना कर दे आदमी होने का भ्रम। युद्ध की क्या परिभाषा हो सकती है? इंसान को इंसान से बेपनाह नफरत सिखाने की पाठशाला। मानवता को दुत्कारने का खुला निरंकुश मंच या एक जादुई मशीन जिसमें एक तरफ से मनुष्य डालों तो दूसरी तरफ से कसाई निकलता है। भारत बुद्ध की विरासत वाली धरती है जो युद्ध नहीं शांति की नीति पर चलता है। पीएम मोदी विभिन्न मंचों से साफ कर चुके हैं कि ये युद्ध का युग नहीं है। लेकिन दुनिया के ग्लोब पर नजर डालेंग तो नजर आएगा कि रूस यूक्रेन के साथ पांच सालों से युद्ध में उलझा है। जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि ये वॉर इतना लंबा खिंच जाएगा। वहीं एक मोर्च पर उलझी दुनिया में 7 अक्तूबर 2023 के बाद इजरायल की तरफ से गाजा में युद्ध का एक अलग मोर्चा खोल दिया गया। इसके भी अब तीन बरस होने को हैं। वहीं हिजबुल्ला, हूती, हमास जैसे प्रॉक्सी को कमजोर करने के बाद इजरायल के निशाने पर ईरान आया। अमेरिका का साथ और अस्तित्व की बात पर शुरू हुई जंग कितने दिनों या सालों तक चलेगी इसका जवाब तो शायद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास भी न हो। वहीं भारत में आतंक का निर्यात करने वाला पड़ोसी



देश पाकिस्तान जो कुछ दिनों पहले तक ईरान जंग खत्म करवाने में मिडिल मैन की भूमिका निभाने की कोशिश में लगा था। वो खुद तालिबान से पिटकर इस तरह फंसा है कि खबर तो ये भी आई कि कभी नाटो जैसा समझौता करने वाले अपने मित्र देश सऊदी अरब को बचाने के लिए सेना भेजने में असमर्थता तक जता दी। कहा जा सकता है कि दुनिया का हर देश ही किसी न किसी रूप में युद्ध या सशस्त्र संघर्ष में उलझ ही चुका है। कुल मिलाकर वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि कई बड़े संघर्ष एक साथ चल रहे हैं, लेकिन दुनिया की रोजमर्रा की ज़िंदगी कहां थमने वाली थी भला! लोगों को मानो ऐसा महसूस होने लगा है कि युद्ध अब सामान्य स्थिति बन गई है।
आज की दुनिया एक गहरे विरोधाभास से गुजर रही है, जहाँ एक ओर मध्य-पूर्व (ईरान-अमेरिका तनाव) और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी सैन्य झड़पों ने वैश्विक शांति और अर्थव्यवस्था को खतरे में डाल दिया है। इन संघर्षों के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों पर संकट मंडरा रहा है, जिससे कच्चा तेल महंगा हो रहा है और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और देश की जीडीपी पर पड़ रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# रूस ने आनन-फानन में वापस बुलाए कर्मचारी

**ईरान**
रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में बढ़ते संघर्ष के बीच रूस की सरकारी परमाणु कंपनी रोसाटॉम ने बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से 198 और कर्मचारियों को निकाला है। यह कदम लड़ाई शुरू होने के बाद से पहले की गई निकासी के बाद उठाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने एक ईरानी कर्मचारी की मौत और भूकंप के झटकों से हुए नुकसान की सूचना दी है। रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिकाचेव ने सबसे खराब स्थिति की चेतावनी दी और व्लादिमीर पुतिन को स्थिति की जानकारी दी।
द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, ईरान में हुए हमलों में एक इराकी की मौत और कई अन्य के घायल होने के बाद इराक ने शालमचेह सीमा चौकी को बंद कर दिया, जिससे खाद्य आयात बाधित हो गया।
अधिकारियों को उम्मीद है कि चौकी जल्द ही फिर से खुल जाएगी। पास में हुए विस्फोटों और ड्रोन देखे जाने के बाद सफवान चौकी पर भी आवागमन कुछ समय के लिए रोक दिया गया था।

# रेडिएशन से तबाह होंगे खाड़ी देश



**ईरान**
**ईरान** के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को पश्चिमी देशों के 'दोहरे मापदंड' की कड़ी निंदा की। उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष की शुरूआत के बाद से चौथी बार इस्लामिक गणराज्य के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमलों पर पश्चिमी देशों की प्रतिक्रिया में अंतर की तुलना यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान यूक्रेन के जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुई शत्रुता पर की गई प्रतिक्रिया से की। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि क्या आपको यूक्रेन के जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुई शत्रुता पर पश्चिमी देशों की नाराजगी याद है? इजराइल और अमेरिका ने हमारे बुशहर संयंत्र पर चार बार बमबारी की है। रेडियोधर्मी विकिरण से जीसीसी की राजधानियों में जीवन समाप्त होगा, तेहरान में नहीं। हमारे पेट्रोकेमिकल संयंत्रों पर हमले भी वास्तविक उद्देश्यों को दशार्ते हैं।
यह घटना शनिवार सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र की परिधि के पास एक मिसाइल गिरने के बाद हुई, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने दी है। तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, इस घटना में संयंत्र के मुख्य भागों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन एक सहायक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। समाचार एजेंसी के दावे के अनुसार, उत्पादन अप्रभावित रहा। बुशहर संयंत्र दक्षिणी ईरान में फारस की खाड़ी पर स्थित है और यह देश का पहला वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। ईरानी विदेश मंत्री ने ईरान में छह पेट्रोकेमिकल संयंत्रों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी-इजरायली हवाई हमलों का भी जिक्र किया। प्रेस टीवी के अनुसार, देश के दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत में छह पेट्रोकेमिकल संयंत्रों को निशाना बनाकर किए गए इन हवाई हमलों में कम से कम पांच लोग घायल हुए।
इसी बीच, एक अलग पोस्ट में अराघची ने चल रहे संघर्ष को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया और इसे ईरान पर थोपा गया अवैध युद्ध बताया। ईरानी मंत्री ने संघर्ष के स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए तेहरान की बातचीत के प्रति तत्परता का संकेत भी दिया।